तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 6 सितंबर, 2025




02 11 फर्मों ने किया 145 मीट्रिक टन उर्वरक का अवैध भंडारण, राजसात कर किसानों को बेचेंगे








### डीजे का उपयोग प्रतिबंधित, कलेक्टर और एसएसपी ने स्थल का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

# भगवान गणेश की बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन शिवनाथ के पुराने पुल और छोटी का अंजोरा तट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



भिलाई-दुर्ग में शुक्रवार को हवन-पूजन के साथ ही गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर शुरू हो गया। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां की है। छोटी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए भिलाई और दुर्ग में अलग-अलग तालाबों को चिन्हित किया गया है। वहीं बड़ी प्रतिमाएं विशेषकर शिवनाथ नदी तट पर विसर्जित होने वाली प्रतिमाओं को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। शिवनाथ नदी तट स्थित पुराने पुल पर आवाजाही बंद कर दी गई है। इस पुल से बड़ी प्रतिमाओं को चेन माउंटेन की मदद से नदी में उतारा जाएगा। इसी प्रकार पहुंचने वाली छोटी प्रतिमाओं के लिए इस बार अंजोरा की तरफ इंतजाम किया गया है। दोनों ही तरफ बेहतर प्रकाश व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। ताकि रात में किसी प्रकार की परेशानी न हो। गोताखोरों के साथ एनआरएफ की टीम को मुस्तैद रखा गया है। शुक्रवार की शाम कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल ने नदी तट पर पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया। अधिकारियों को व्यापक इंतजाम के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन नदी के छोटे पुल के मध्य क्रेन के माध्यम से किया जाएगा। वहीं छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन अंजोरा साइड पर बनाए गए विशेष विसर्जन स्थल पर होगा। जनसामान्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पीडब्ल्यूडी द्वारा शिवनाथ नदी के पुराने पुल पर दोनों ओर 60 फीट की अस्थायी रेलिंग लगाई जाएगी, ताकि आने-जाने वाले लोग सुरक्षित एवं सतर्क रह सकें।

### नए पुल पर ट्रैफिक क्लीयर रखने के निर्देश

सामान्य तौर पर नए पुल पर गणेश विसर्जन देखने के लिए भक्त पहुंचते हैं। इस बार पुल के दोनों तरफ ट्रैफिक पुलिस की तैनाती रहेगी। पुल को पूरी तरह से क्लीयर रखा जाएगा। ताकि गणेश प्रतिमाओं को पुल से गुजारने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। इसके लिए प्रतिमाओं को बड़े पुल से होकर ले जाया जाएगा। पुल के अंतिम छोर पर बने मार्ग से नदी में उतारकर विसर्जन किया जाएगा। दोनों ही विसर्जन स्थलों पर क्रेन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ ही प्रकाश व्यवस्था भी की जाएगी। भीड़ प्रबंधन व यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मिनीमाता चौक से अंजोरा बायपास तक केवल विसर्जन वाले वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। अन्य वाहन दुर्ग-अंजोरा बायपास मार्ग का उपयोग करेंगे। गणेश विसर्जन को लेकर इस अवसर पर व्यापक सुविधा सहित व्यापक व्यवस्था की जा रही है।इसके लिए आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम को नोडल अधिकारी बताया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 6 व 7 सितंबर 2025 को गणेश विसर्जन के लिए शिवनाथ नदी,कसारीडीह तालाब,वार्ड 56 और 57 तालाब में निर्मित विसर्जन कुंड में विसर्जन कराए जाने प्रकाश व्यवस्था, मूर्ति विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की जा रही है।

### प्रतिमा विसर्जन के लिए भिलाई में दस तालाबों का चयन

भिलाई शहर में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए 10 तालाब चिन्हित किए गए हैं। इन तालाबों में आलाबंद तालाब खम्हरिया, स्मृति नगर तालाब, आमा तालाब, लिम्हा तालाब, भेलवा तालाब, रामनगर मुक्तिधाम तालाब, नकटा तालाब, श्याम नगर केम्प-2 तालाब एवं जयंती स्टेडियम तालाब में मूर्ति विसर्जित हेतु कुण्ड बनाया गया है। अन्य शेष तालाबों में मूर्ति विसर्जन करना प्रतिबंधित है।

### दुर्ग निगम ने विसर्जन स्थल तक पहुंचने के लिए बनाया अस्थाई मार्ग

नगर निगम दुर्ग ने शिवनाथ नदी वार्ड 55 पुलगांव शिवनाथ नदी गुरुद्वारा के पास मूर्ति विसर्जन हेतु पहुंच मार्ग, समतलीकरण, अस्थाई कुण्ड निर्माण, वॉटर प्रुफ शामियाना, अनाउसमेंट हेतु साउंड सिस्टम की व्यवस्था एवं कुर्सी, टेबल की व्यवस्था सहित विद्युत व्यवस्था का दायित्व अधिकारियों को सौंपा गया है। कसारीडीह तालाब के पास मूर्ति विसर्जन हेतु पहुच मार्ग, समतलीकरण, अस्थाई कुण्ड निर्माण, वाटर प्रुफ शामियाना, अनाउसमेंट हेतु साउंड सिस्टम की व्यवस्था एवं कुर्सी, टेबल की व्यवस्था की गई है। वार्ड 57-58 उरला पॉण्ड के पास मूर्ति विसर्जन हेतु पहुंच मार्ग, अस्थाई कुण्ड बनाया गया है। अन्य जगहों पर भी इंतजाम किए गए हैं।

# नाले के तेज बहाव में दो बहे, एक का शव मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



नहाने गए दो युवक नाले में बहने का मामला सामने आया है। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने मशक्कत के बाद एक का शव बरामद किया। दूसरे की तलाश में जुटी हुई है। घटना गराम बड़े औंरी भिलाई तीन की है। मिली जानकारी के मुताबिक 56 वर्षीय भगवती ठाकुर रोज की तरह नहाने नाले पर पहुंचा था। तभी गांव का 50 वर्षीय वृद्ध नाले पर मौजूद था। नहाने के दौरान अचानक वह पानी के तेज बहाव में बह रहा था। तभी उसे डूबता देख भगवती ठाकुर ने तुरंत मदद के लिए नाले में छलांग लगा दी। भगवती नाले के भंवर में फंसने से डूब गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन नाले का बहाव तेज होने पर भगवती बह गया। इस तरह दोनों पानी में बह गए। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम पहुंची। नाले में रातभर सर्च ऑपरेशन चलाया गया फिर शुक्रवार की सुबह भगवती ठाकुर का शव बरामद किया। दूसरे वृद्ध के बारे में अभी तक कोई खोज खबर नहीं मिल पाया है। पानी की तेज बहाव होने से गोताखोरों को काफी मशक्कत करना पड़ रहा है।

- **घटना ग्राम बड़े औंरी का है, एसडीआरएफ की टीम खोजबीन**

### 12 सदस्यी टीम जुटी हुई है

बताया जा रहा है कि एसडीआरएफ को सूचना मिलने के बाद टीम कमांडेंट नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में 12 सदस्यीय टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई है। ग्रामीणों के मुताबिक बारिश के मौसम में औरी नाले में तेज बहाव रहती है। पुलिस ने आसपास के गांवों को सूचित कर दिया है। आशंका है कि धार दोनों को काफी दूर तक बहा ले गई है। फिलहाल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम संयुक्त रूप से खोजबीन कर रही हैं।

# म्यूल खाता का उपयोग करने वाले पांच पुलिस पकड़ में



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

म्यूल खाता का उपयोग करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मयंक जंघेल ने शिकायत की थी कि सुपेला ब्रांच के कोटक महेन्द्रा बैंक और छुईखदान छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक में उसका खाता है। जिसका इस्तेमाल आरोपी आर्यनगर कोहका निवासी पीयुष जंघेल, अजय कुमार जंघेल, अम्बेडकर चौंक टिकरा पारा रायपुर मिनेश पटेल, ग्रीन वैली स्मृति नगर,आयुष नायडु, न्यू खुर्सीपार हर्ष चंन्द्राकर द्वारा इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने पांचों युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने ऑनलाइन ठगी के रकम को उक्त खाते में ट्रांसफर कर कारोबार करते थे। आरोपियों ने अब तक 57 हजार रुपए पीड़ित के खाते में ट्रांसफर कराए थे।

- **सुपेला पुलिस थाना क्षेत्र के सीजी ग्रामीण बैंक और महेन्द्रा**

जब पीड़ित को आरोपियों ने बताया कि रुपए ट्रांसफर नहीं हो रहा है तो तब पीड़ित साइबर सेल में पहुंचकर जानकारी ली तब पता चला कि उसके खाते में ठगी के रकम ट्रांसफर हो रहें है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# डिजिटल अरेस्टः लखनऊ से आरोपी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



डिजिटल अरेस्ट मामले में सातवां फरार आरोपी को पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नम्रता चन्द्राकर ने नेवई पुलिस में शिकायत किया था. जिसमें 29 अप्रैल को सीबीआई अफसर बनकर पिता को विडियो काल कर उनके खाते से 2 करोड का मनी लाड्रिंग होने का झांसा दिया था। पीड़ित के अल-अलग खातों से 54 लाख 90 हजरा रुपए का ठगी यूपी निवासी राजेश विश्वकर्मा उर्फ राजू पेंटर,दीपक गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, शुभम श्रीवास्तव, ऋषिकेस जोशी, चंदन बालकरण सरोज और लखनऊ लाईक अहमद के साथ मिलकर ठगी किया था। जिसमें पहले की 6 आरोपी जेल तक पहुंच चुके थे। वहीं लाइक मौके से ही फरार था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर आरोपी लाईक को लाया गया।

## तीन माह बाद बृजमोहन सिंह को मिली जमानत



**भिलाई।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सोशल मीडिया के जरिए कथित टिप्पणी को लेकर जेल में निरुद्ध साडा के पूर्व उपाध्यक्ष और कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह को जमानत मिल गई है। उन पर सोशल मीडिया के जरिए अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है। इस मामले में वे पिछले करीब तीन महीने से जेल में बंद थे। उन पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 483 के तहत वैशाली नगर थाने में चार जून को अपराध दर्ज हुआ था। इस मामले में बृजमोहन सिंह के वकील ने कोर्ट में तर्क दिया कि मामला राजनीतिक रूप से प्रेरित है। आरोपी लंबे समय से जेल में है। कोर्ट ने मामले की परिस्थितियों को देखते हुए और ट्रायल में देरी की संभावना के आधार पर बृजमोहन सिंह को शर्तों के साथ जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।






# धरना स्थल पर सरकार को नींद से जगाने का किया नुक्कड़ नाटक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश एन.एच.एम कर्मियों ने हड़ताल के 19 वें दिन धरना स्थल पर नाटक का मंचन किया। जिसमें उन्होने सरकार को कुम्भकर्णी नींद से जगाने का प्रयास किया। वहीं सामूहिक इस्तीफा देने के बाद कर्मियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ आलोक शर्मा ने कहा कि शोषण की पराकाष्ठा हो चुकी है 20 साल का शोषण का समय छोटा मोटा समय नहीं है। उन्होने कहा कि एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की 10 सूत्री मांगों में से पांच मांगे पूरी कर दी गई है। यह पूरी तरह से सही नहीं है और भ्रामक बात है। केवल दो ऐसी मांग है जिस पर सर्कुलर जारी हुआ है। मांगों के स्वरूप को बदलने का प्रयास शासन- प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।




# नेटवर्क केबल बिछाने के नाम पर गड्ढा खोदकर छोड़ा जा रहा, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

शहर में इन दिनों एयरटेल कंपनी द्वारा नेटवर्क केबल बिछाए जा रहे हैं, इसके लिए जहां-तहां गड्ढा खोदा जा रहा है।

अलग खबर

गड्ढों को खुला छोड़ दिया जा रहा है, इसकी वजह से हादसों की खतरा बना हुआ है। इतना ही नहीं बिना पाइपलाइन की जानकारी के गड्ढा किया जा रहा है, इससे पाइपलाइन को नुकसान पहुंचने का खतरा बना हुआ है। पार्षदों ने इसे लेकर आयुक्त से शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि चार से पांच जगहों पर गड्ढा खोदने के नाम पर कई जगह गड्ढा खोद दिया जा रहा है। प्रॉपर फिलिंग नहीं की जा रही है, न ही खोदने से पहले अनुमति ली जा रही है। लोगों को वाई फाई व मोबाईल नेटवर्क सुविधा देने के नाम पर मनमानी पूर्ण तरीके से खुदाई कर फायबर केबल बिछाए जा रहे हैं।

कई जगहों पर रोड के दोनों तरफ बेतरतीब ढंग से पोल भी लगाए जा रहे हैं। कंपनी कर्मियों द्वारा ऐसे रोड में पोल लगाया जा रहा है, जिससे चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित हो रहा है।



## पार्षदों ने की आयुक्त से शिकायत, पेयजल पाइपलाइन को नुकसान पहुंचने का भी खतरा

### जहां पेवर ब्लॉक बिछाया जाना था वहां भी खोद कर छोड़ा

जानकारी के मुताबिक गयानगर में पेवर ब्लॉक बिछाई जाने वाली जगह पर भी गड्ढा खोद दिया गया है। केबल के लिए पाइप लाइन को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने गया नगर क्षेत्र में चल रहे खुदाई कार्य के मौके पर पहुंचकर न केवल काम रुकवाया, बल्कि निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल को भी शिकायत कर कामकाज की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वर्तमान में राजीव नगर, मठ पारा, मरार पारा, गिरधारी नगर, उरला बघेरा क्षेत्र में काम किया जा रहा है।

### स्थानीय लोगों ने किया विरोध, काम रुकवाने की दी गई चेतावनी

इस संबंध में वार्ड पार्षद लीना देवांगन ने कहा कि रहवासियों की भारी विरोध के बावजूद एयरटेल कंपनी द्वारा शिव नगर में मोबाइल टावर लगा दिया। अब उक्त टावर से आस पास के कई वार्ड तक आउट डोर व अंडर ग्राउंड केबल लगाने दो स्तर पर कार्य किया जा रहा है। एक तरफ जमीन के अंदर से केबल बिछाई जा रही है तो दूसरी ओर विद्युत खम्बों के समानांतर दोनों ओर अलग अलग खंबे भी लगाए जा रहे है। बघेरा से गया नगर तक डोंगिया बांधा तालाब के किनारे प्रस्तावित चौड़ीकरण मार्ग में बेतरतीब ढंग से खंबे खड़े कर दिए हैं, जिसका मार्ग विस्तारीकरण कार्य स्वीकृत हो चुका है।शिव नगर में पेवर ब्लॉक का काम होना है, वहां भी खोद दिया गया है।

### निगम के इंजीनियरों से नहीं कराया लेआउट अप्रुवल

जानकारी के मुताबिक नियमतः निगम के इंजीनियरों को जानकारी देकर ले आउट एप्रुल कराने के बाद ही गड्ढा खोदा जाना है, लेकिन बिना इंजीनियरों को जानकारी दिए ही काम किया जा रहा है। राजीव नगर, मठ पारा, मरार पारा, गिरधारी नगर, उरला, बघेरा क्षेत्र में काम किए जा रहे हैं। इसके चलते बने बनाए सड़क, नाली क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। चौड़े मार्ग भी सकरे व बेतरतीब दिखाई दे रहे हैं। मामले को लेकर आयुक्त सुमित अग्रवाल से शिकायत की गई है। उन्होंने जांच के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप



### 20 लाख से शिव शक्ति कॉलोनी में बनेगी सड़क

**भिलाई।** अधोसंरचना मद से वार्ड 34 के वीर शिवाजी नगर मिलन चौक छापरिया मोहल्ला बाबा कॉलोनी शिव शक्ति कॉलोनी में 20 लाख की लागत से सीमेंटीकरण की शुरुआत की गई। कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से जोन अध्यक्ष डॉ. जलंधर सिंह, वार्ड 33 की पार्षद शैलजा राजू, कैंप महिला मंडल पूर्व उपाध्यक्ष ममता भारद्वाज, प्रभावती सिंह, मनीषा सिंह, नेहा सिंह, सुनीता गुप्ता, सुगंधी चौहान, राधिका चौहान, नीतू पाण्डेय, रामवती चौहान, नीरा साहू, पुष्पा प्रजापति, रेखा मांझी, शीला मांझी, सुभाषी चौहान, कलावती चौहान, रम्भा देवी सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### एसएमएस-2 रिकार्ड आर्डर टीम वर्क से मिली सफलता

**भिलाई।** बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शाप 2 ने पहली बार एसएई-1006 ग्रेड के स्टील स्लैब का निर्यात आर्डर को पूरा किया है। एसएमएस-2 ने इंडोनेशिया को निर्यात के लिए 30 हजार टन स्लैब का उत्पादन किया। इसकी शुरुआत 14 अगस्त को 1200 टन के पहले प्रेषण से हुई थी। एसएई-1006 ग्रेड स्लैब की रोलिंग के चुनौतीपूर्ण कार्य को टीमवर्क से पूरा कर इस ग्रेड के स्लैब का उत्पादन किया।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जारी किए निर्देश, 3277 बोरी की गई राजसात

# 11 फर्मों ने किया 145 मीट्रिक टन उर्वरक का अवैध भंडारण, राजसात कर किसानों को बेचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

*जिले में खाद-बीज की खासी कमी रही। बावजूद कई फर्में ऐसी हैं, जिन्होंने मुनाफाखोरी के लिए बड़ी मात्रा में उर्वरक का भंडारण किया। ऐसी 11 फर्मों से जिला प्रशासन ने करीब 145.85 मीट्रिक टन उर्वरक जब्त किया है। करीब 3277 बोरियों में रखे इस उर्वरक को राजसात कर लिया गया है। अब इसे निर्धारित दामों में किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।*

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक खरीफ 2025 में जिले के कृषकों के मांग अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उच्च गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री यथा उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुए निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों की जांच की।

इस दौरान पीओएस स्कंध एवं भौतिक स्कंध में अंतर, बगैर स्त्रोत प्रमाण पत्र के उर्वरक भण्डारण, विक्रय, प्रतिष्ठान में मूल्य सूची प्रदर्शित न होना, केश मेमो जारी नहीं करना, बिल बुक निर्धारित प्रारूप में न होना, स्कंध पंजी संधारण अधूरा होने इत्यादि कारणों से 11 उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों में अनियमितता मिली। स्थानीय उर्वरक निरीक्षकों द्वारा कुल 3277 बोरी में 145.85 मीट्रिक टन उर्वरकों को जब्त किया। संबंधित विक्रेताओं से कारण बताओ सूचना जारी कर जवाब मांगा गया। संबंधित उर्वरक विक्रेताओं का जवाब संतोषजनक न होने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 का उल्लंघन पाये जाने पर धारा 7 के तहत जब्तशुदा उर्वरकों को राजसात करने हेतु आदेशित किया गया है। राजसात किये गये उर्वरकों को स्थानीय किसानों को सूचित करते हुए निर्धारित दर पर विक्रय पश्चात राशि शासन के खजाने में जमा करने हेतु कृषि विभाग को निर्देशित किया गया है।

**भंडारण की जांच करते अधिकारी**



### बाजार मूल्य पर बेचे जाएंगे उर्वरक, सरकारी कोष में जमा होगी राशि

जानकारी के मुताबिक कृषि विभाग के कर्मचारी अपनी उपस्थिति में नियमानुसार उर्वरकों को निर्धारित दर यूरिया-266.50 रुपए, डीएपी-1350 रुपए, पोटाश-1535 रुपए, 20:20:0:13-1300 रुपए., एसएसपी पाउडर-469 रुपए, एसएसपी दानेदार-510 रुपए एवं अन्य उर्वरकों को बोरे में अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य के आधार पर विक्रय कर प्राप्त राशि शासन के कोष में जमा करेंगे, जिन किसानों को उपरोक्त उर्वरकों की आवश्यकता है। वे अपने आधार नम्बर एवं ऋण पुस्तिका की प्रति के साथ निकटतम प्रतिष्ठान में पहुंच कर धारित कृषि रकबे के अधीन आवश्यकता अनुसार उर्वरक क्रय कर सकते हैं। उर्वरक की कालाबाजारी, मुनाफाखोरी, अधिक दर पर विक्रय, अन्य प्रयोजन में उपयोग इत्यादि की शिकायत हेतु कृषि विभाग के स्थानीय अधिकारी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष के मोबाईल नंबर-9907109662 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

### नियम विरुद्ध भंडारण करने वाली फर्मों पर नियमतः कार्रवाई

उप संचालक कृषि से मिली जानकारी अनुसार जिले के उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठान देवांगन कृषि केन्द्र रानीतराई का यूरिया-13.27 टन, टीएसपी-13.80 टन और 28:28:0-0.40 टन, कृषि सेवा केन्द्र पाटन डीएपी-4.40 टन एवं यूरिया-28.35 टन, ओम कृषि केन्द्र अंजोरा ख का 20:20:0:13-2.65 टन, 24:24:0-1.20 टन, आमोनियम सल्फेट-0.55 टन, टीएसपी-2.05 टन, पोटाश-1.95 टन, एसएसपी-2.50 टन, यूरिया 1.44 कुल-12.34 टन, सिन्हा ट्रेडर्स, अंजोरा ख का यूरिया-28.53 टन, पोटाश-0.65 टन, एसएसपी-1.25 टन कुल मात्रा 30.43 टन, बुरहानी एग्रो इण्डस्ट्रीज खपरी एनपीके 6:12:36 कुल मात्रा 4 किग्रा, देवांगन कृषि केन्द्र ननकट्ठी का टीएसपी -14.80 टन, चन्द्राकर ट्रेडर्स मचान्दुर का जिंकेटेड सिंगल सुपर फॉस्फेट 0.50 टन, नम्रता कृषि केन्द्र कोनका का यूरिया 24.30 टन, साहू कृषि केन्द्र मलपुरीकला का यूरिया 6.12 टन, प्रयाग कृषि केन्द्र कोड़िया का यूरिया 10.44 टन, महाफीड स्पेशलिटि फर्टि. (इंडिया) प्रा.लिमि. का एनपीके 21.11.21 - 1.00 टन एवं एनपीके 00.09.46 - 0.50 टन कुल 3277 बोरी 145.85 टन उर्वरकों को राजसात किया गया है।

# जन औषधि केंद्र संचालक ने नहीं जमा किया किराया, जारी होगा नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिला चिकित्सालय के टेलीमेडिसिन कक्ष में जीवनदीप समिति की बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के आय-व्यय विवरण पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने एजेंडावार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एजेंडावार चर्चा के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित साइकिल और स्कूटर स्टैंड का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। कलेक्टर ने इस पर निर्देश दिए कि नियमानुसार संबंधित को नोटिस जारी कर पुनः टेंडर आमंत्रित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के संचालक द्वारा किराया जमा न किए जाने पर नोटिस देने तथा तय समयावधि में किराया जमा न होने पर पुनः निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी बताया गया कि दवाइयां, उपकरण, एक्स-रे

■ जीवनदीप समिति की बैठक में हुई समीक्षा, दिए गए कई निर्देश

फिल्म, पैथोलॉजी सामग्री तथा कम्यूमेबल सीजीएमएससी से प्राप्त नहीं हो पा रही हैं और नियमित बजट मद में भी राशि उपलब्ध नहीं है। इस स्थिति में आवश्यकतानुसार सामान्य सभा की प्रत्याशा में खर्च किए जाने का निर्णय लिया गया। चिकित्सालय में कार्यभार की अधिकता को देखते हुए एक धोबी की नियुक्ति करने तथा इलेक्ट्रिशियन के लिए पद सृजित करने के भी निर्देश दिए गए।

### जिला अस्पताल में स्थापित होगी डोनगांवकर की प्रतिमा

जिला चिकित्सालय परिसर में स्व. पांडुरंग डोनगांवकर रामाराव की प्रतिमा स्थापित करने हेतु स्थल निरीक्षण कर उचित स्थान पर स्थापना करने को कहा गया। इसके अलावा परिसर में प्रस्तावित 30 बिस्तरों वाले मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सालय के निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए। अधिकारियों ने बताया गया कि उक्त प्रस्तावित स्थल पर अतिक्रमण किया गया है, जिसके कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। बैठक में एजेण्डा के अतिरिक्त अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन आशीन मिंज, आरएमओ अखिलेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# पार्टी को मजबूत बनाने एकजुट होकर करें काम : ताम्रध्वज साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

दुर्ग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांग्रेस की एक बैठक राजीव भवन दुर्ग में आयोजित की गई। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, सृजन अभियान विस्तार के प्रभारी प्रदीप शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे।

■ ब्लाक कांग्रेस कमेटी की राजीव भवन शनिचरी बाजार में हुई बैठक

नए ब्लॉक अध्यक्ष को लेकर पार्टी की नीतियों के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदीप शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कोई भी अकेले में मिल सकता है। कांग्रेस पार्टी में कर्मठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दिए जाने का यह एक नया अभियान है। जिसमें कार्यकर्ताओं से राय शुमारी करने के उपरांत ही अध्यक्ष बनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि गांव-गांव में बैठक कर कार्यकर्ताओं को संगठित करना है ताकि कांग्रेस पार्टी मजबूत हो। भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि आज केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार होने के कारण भी देशभर में महंगाई, भ्रष्टाचार, पेट्रोल डीजल की कीमतें बड़ी है। प्रदेश में आज क़ानून व्यवस्था चरमरा गई है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चंद्रकार, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र साहू, अध्यक्ष केश कला शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, सहकारिता अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, पूर्व जिला पंचायत सदयस्त योगिता चन्द्रकार सहित अन्य मौजूद थे।

## भिलाई के दानिश दुबई में दे रहे एआई और डेटा साइंस की शिक्षा

**भिलाई।** भिलाई के सैयद दानिश हसन ने अपनी



चुनौतियों को पार कर दुनियाभर में सफलता हासिल की है। उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग तथा डेटा साइंस के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया जा रहा है। वर्तमान में वे दुबई में शिक्षा दे रहे हैं।

2018 में एक गंभीर दुर्घटना के बाद जब वे लगभग एक साल तक बिस्तर पर रहे, तब उन्होंने पढ़ाना शुरू किया और अपनी ज़िंदगी की दिशा बदल दी। दानिश ने बर्लिन जर्मनी में एमएससी इन डेटा साइंस किया। मशीन लर्निंग, डेटा इंजीनियरिंग, डिसीजन सपोर्ट सिस्टम्स में 100/100 अंक प्राप्त किए। इसके बाद उन्हें यूनिवर्सिटी ऑफ यूरोप फॉर एप्लाइड साइंसेज, दुबई में लेक्चरर बनने का मौका मिला। वर्तमान में वे बड्डीज एआई में एआई ग्रोथ एंड एंगेजमेंट मैनेजर, यूनिवर्सिटी ऑफ यूरोप फॉर एप्लाइड साइंसेज दुबई में डेटा साइंस के लेक्चरर और एमिटी यूनिवर्सिटी रायपुर में पीएचडी स्कॉलर हैं। सैयद पूरी दुनिया के छात्रों का मार्गदर्शन करते हैं। भिलाई व छत्तीसगढ़ के छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस में मुफ़्त सलाह देते हैं। छात्र उनसे ऑनलाइन जुड़ सकते हैं। उनकी कहानी बताती है कि दृढ़ इच्छा और मेहनत से कठिनाइयों को भी वैश्विक सफलता में बदला जा सकता है।

प्रदर्शन को दिया समर्थन

## राज्य सरकार एनएचएम कर्मियों की मांगें जल्द पूरी करे : आप

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

आम आदमी पार्टी ने राज्य शासन से मांग की है कि एनएचएम कर्मियों की जायज मांगों को तत्काल पूरा किया जाए। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि 18 अगस्त से वे अपनी 10 मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताली 25 कर्मचारियों की बर्खास्दगी एवं 16000 के सामूहिक इस्तीफे ने उनके आक्रोश को बढ़ाया है।

■ मांगें नहीं पूरा होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

आप एनएचएम कर्मियों की मांगों का समर्थन करती है। सभी मांगें जायज हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही है। उनकी हड़ताल से पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था बिगड़ गई है। यह सीधे तौर पर सरकार की लापरवाही है। छत्तीसगढ़ में 10 मेडिकल कॉलेज हैं। सभी कॉलेजों में कॉलेज प्रोफेसर असिस्टेंट प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर सहित 642 पोस्ट रिक्त हैं। राजधानी में मेकाहारा में लगभग 50 डॉक्टरों की पोस्ट खाली है। डीकेएस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल जो सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। वहां पर एक भी डॉक्टर रेगुलर नहीं है। जितनी भी प्रकार की सेवाएं एमआरआई, सिटी स्कैन, सोनोग्राफी और ब्लड टेस्ट सहित अनेक सेवाएं आउटसोर्सिंग के माध्यम से किया जाता है। अभी कुछ दिन पहले ही मेकाहारा हॉस्पिटल की 80 करोड़ की मशीन आउट डेटेड हो गई। दुर्ग जिले में भी स्वास्थ्य व्यवस्था बिगड़ी हुई है। समस्या के निराकरण को लेकर कहीं कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

# मोदी सरकार का नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधार ऐतिहासिक निर्णय : सरोज पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग


भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने केंद्र सरकार द्वारा नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार का फैसला आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह आम आदमी की जिंदगी को आसान बनाने के साथ ही अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले के प्राचीर से अपने भाषण में नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार का वादा किया था, जिसे पूरा करते हुए केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कटौती और सुधार किया गया जो अभिनंदीय और सराहनीय है। इससे आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा और व्यापक सुधार हमारे नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएगा। विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और व्यवसायों के लिए व्यापार करने में आसानी होगी। भारत की



अर्थव्यवस्था को सशक्त, पारदर्शी और समावेशी बनाने के इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार, जिनके प्रयासों से यह संभव हो पाया।

सरोज पाण्डेय ने कहा अब सिर्फ दो जीएसटी स्लैब 5% और 18% रहेंगे। अब 12% और 28% स्लैब खत्म हो जाएंगे। इन सुधारों के बाद रोजमर्रा के घरेलू सामान, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल पहले से अधिक किफायती होंगे।

### जीएसटी रिफॉर्म का निर्णय ऐतिहासिक : चंद्राकर



**भिलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले से घोषित नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार अब साकार हो चुका है। इस ऐतिहासिक निर्णय पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, व्यापारी और उद्योग जगत सभी वर्गों के लिए यह सुधार ऐतिहासिक सौगात है। अब जीएसटी की दरें सरल होंगी। केवल 5% और 18% की दो प्राथमिक स्लैब रहेंगे। इससे मध्यम वर्गीय परिवारों को रोज़मर्रा की चीजें सस्ती, किसानों को कृषि उपकरण कम दाम पर, विद्यार्थियों को किताबें व कॉपियां कर मुक्त, तथा दवाओं और स्वास्थ्य बीमा पर बोझ कम होगा।

# क्यूआर कोड के जरिए ग्रामीण भी ले सकेंगे मनरेगा में होने वाले कामों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

ग्राम पंचायत में लगाए जाने वाले क्यूआर कोड के माध्यम से ग्रामीण घर बैठे अपने मोबाइल फोन से मनरेगा के पिछले तीन वर्षों की पूरी तस्वीर देख सकेंगे।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में पारदर्शिता लाने के लिए क्यूआर कोड लॉन्च किया गया है। सरकार ने पारदर्शिता की एक नई परिभाषा लिखते हुए मनरेगा कार्यों को जनता के लिए पूरी तरह खुला और सुलभ बना दिया है। हर पंचायत भवन और प्रमुख स्थानों पर विशेष कोड लगाए जा रहे हैं। इसके जरिए प्रत्येक कार्य पर हुए खर्च और भुगतान का



■ मनरेगा में पारदर्शिता बढ़ाने की गई पहल

विस्तृत लेखा-जोखा धनराशि का उपयोग कहां हुआ और किसके हाथ में पहुँचा इसकी जानकारी मिल सकेगी। पारदर्शिता, सामूहिक भागीदारी और विश्वास के लिए इसे लॉन्च किया गया है। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि क्यूआर कोड से अब मनरेगा कार्यों की मिलेगी पूरी जानकारी ग्रामीण करेंगे। योजनाओं की निगरानी, सितंबर तक पंचायत भवनों में चस्पा होंगे। क्यूआर कोड प्रणाली से आम नागरिक को योजनाओं से जुड़ी हर जानकारी तत्काल और पारदर्शी तरीके से मिलेगी। ग्रामीण अपने मोबाइल से इन कोड को स्कैन करके पिछले तीन वर्षों के सभी स्वीकृत कार्यों, व्यय राशि, प्रगतिरत कार्यों, जॉब कार्डधारियों की संख्या और कुल सृजित मानव दिवस की पूरी जानकारी सीधे प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की पहल जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा और पाटन में इसे शुरू किया गया है।

## दुर्ग कलेक्टर से मिलकर पहले ही दर्ज करा चुके हैं शिकायत

# पंचायत सचिवों ने किया आयुष्मान कार्ड बनाने से इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिले के पंचायत सचिवों ने आयुष्मान कार्ड बनाने और इससे जुड़े सत्यापन का काम करने से इंकार कर दिया है। पंचायत सचिवों ने इसे लेकर पिछले दिनों कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा।

उन्हें वस्तु स्थिति की जानकारी दी। अवगत कराया कि शासन की योजनाओं से जुड़े और भी काम उन्हें करने पड़ रहे हैं। ऐसे में आयुष्मान कार्ड का काम करना संभव नहीं हो पाएगा। इसे लेकर पंचायत सचिवों की बैठक भी हुई। बैठक के बाद संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला पंचायत



सीईओ और तीनों जनपद सीईओ को भी ज्ञापन सौंपा। सचिवों ने आयुष्मान कार्ड बनाने से इंकार कर दिया है। उनका कहना है कि वरिष्ठ अधिकारी उन पर दबाव बना रहे हैं। संघ के जिला सचिव शेषनारायण चंद्रवंशी ने बताया कि सचिवों को उनके मूल कार्यों से नहीं भटकाया जाना चाहिए। ग्राम पंचायत सचिव ग्राम स्तर पर एकमात्र कर्मचारी होते हैं। उनके पास पहले से कई जिम्मेदारियां हैं। इनमें लेखा संधारण और 16 पंजियों का अद्यतन शामिल है। वे ग्रामसभा और समितियों की बैठकें भी करवाते हैं। जन्म-मृत्यु और विवाह पंजीयन भी उनकी जिम्मेदारी है। इसे देखते हुए प्रशासन द्वारा जारी आदेश पर पुनर्विचार करने की जरुरत है। बता दें कि पंचायत सचिवों ने इससे पहले भी जिला पंचायत और जनपद पंचायत के सीईओ को वस्तु स्थिति से अवगत कराया था। इसके बाद भी उन पर आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किए जाने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। इसे लेकर पंचायत सचिवों ने कई दौर की बैठकें भी की।

### विभागीय कार्य पहले से ही लंबित

जिला सचिव शेषनारायण चन्द्रवंशी ने कहा कि विभागीय कार्य पहले से ही लंबित हैं। अतिरिक्त दबाव से काम की गुणवत्ता प्रभावित होती है। विभागीय लक्ष्य पूरे नहीं हो पाते हैं। इसलिए सचिवों को केवल उनके मूल विभागीय कार्यों तक सीमित रखा जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो वे आगे की रणनीति तय करेंगे।

06



बच्चों से योग करवाते समय कभी ना करें ऐसी गलतियां


लाइव इवेंट

## गोबर गणेश अपमान नहीं, साधारण सामग्री से भी ईश्वर का स्मरण



**भिलाई।** हम अक्सर सुनते हैं कि कोई शरारती बच्चा हो या पढ़ाई में कमजोर निकले, तो लोग हंसकर कह देते हैं अरे यह तो गोबर गणेश है। आज इस शब्द को अपमान या तिरस्कार के रूप में लिया जाता है। लेकिन क्या सचमुच गोबर गणेण का यही अर्थ है? जवाब है नहीं। डॉ. अजय आर्य ने बताया कि यह शब्द हमारी ग्रामीण संस्कृति और लोक जीवन से निकला है, जहाँ गोबर केवल कचरा नहीं, बल्कि जीवन और धर्म का आधार माना जाता रहा है। भारतीय परंपरा में गोबर को पवित्र माना गया है। जो ऊर्जा के स्रोत के रुप में घर की आँगन लीपने से लेकर ईंधन तक और उर्वरक का प्रमुख साधन रहा है। गोबर गणेश का यही असली रूप है साधारण सामग्री से भी ईश्वर का स्मरण।

जो संदेश देता है कि ईश्वर के लिए भव्यता नहीं भाव आवश्यक है। गोबर गणेश का प्रतीकात्मक अर्थ सरलता से है जो मिट्टी और गोबर से बना गणेश यह सिखाता है कि पूजा के लिए भव्यता ज़रूरी नहीं। सामूहिकता बच्चे, महिलाएँ और बुजुर्ग सब मिलकर गोबर गणेश बनाते हैं, जो सामाजिक एकता का प्रतीक है। सृजनशीलता साधारण चीज़ों से भी कलात्मकता और पूजा का भाव जग सकता है। भगवान को वस्तु की नहीं, बल्कि भक्त के भाव की आवश्यकता है। इसलिए गोबर गणेश भी उतने ही पूजनीय हैं, जितने स्वर्ण या रत्नों से बने गणपति। गोबर गणेश शब्द को यदि हम केवल गाली या तिरस्कार की दृष्टि से देखें तो यह हमारी संस्कृति का अपमान है। असल में यह शब्द हमें सिखाता है कि सरलता में ही ईश्वर है। साधारण में भी असाधारण छिपा है। सच्ची भक्ति भव्यता में नहीं, भाव में है। तो अगली बार जब कोई गोबर गणेश कहे, तो हमें हँसकर कहना चाहिए हाँ, मैं वही गोबर गणेश हूँ, जो हर साधारण चीज़ में भी भगवान को देख सकता है।



**भिलाई।** लाल मैदान गणेशोत्सव समिति पुलिस लाइन पावर हाउस भिलाई।



**भिलाई।** एनपीआर गणेशोत्सव समिति हनुमान मंदिर जोन-2 खुर्सीपार।



**भिलाई।** श्रीश्री गणेश उत्सव समिति सी मार्केट सेक्टर-1।

● दुर्ग, भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन, सभी ने शिक्षकों के योगदान को सराहा

# टीचर्स डे सैलिब्रेशन... संडे का महत्व बताने वाले नाटक ने गुदगुदाया सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका का दिया संदेश

**भिलाई-दुर्ग सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल-कॉलेज के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थाओं में पूरे दिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकष्णन को नमन किया गया। उनकी जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके जन्म दिवस को पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर स्कूल, कॉलेज में नाटक, डॉन्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गीत-संगीत स्पर्धाओं में शिक्षकों ने भी सहभागिता दी।**

**भिलाई।** टीचर्स डे हमारे जीवन को आकार देने और हमारे समाज के भविष्य के निर्माण में टीचर्स की अमूल्य भूमिका के सम्मान के लिए समर्पित एक विशेष अवसर है। हर साल की तरह इस वर्ष भी केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर टीचर्स के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने के लिए यह दिवस मनाया। मैनेजमेंट ने टीचर्स के प्रयासों को सम्मानित करने के लिए इस समारोह का आयोजन किया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष केके झा, प्रिंसिपल विभा झा, डायरेक्टर निश्चय झा, एकेडमिक डायरेक्टर सृष्टि झा, अतिथि के रूप में उद्योगपति अरविंदर सिंह खुराना, दीप्ति खुराना, सीए प्रीयेश लेखवानी और विधि लेखवानी, उद्योगपति अंशुल जैन उपस्थित थे। जवाहर नगर और केएच टाइनी टाट, दुर्ग और जामुल के टीचर्स ने मंच पर डांस की शानदार प्रस्तुति देकर खूब वाह वाही लूटी। संडे का महत्व बताने वाले एक नाटक का मंचन कर टीचर्स ने सबको हंसने पर मजबूर कर दिया। प्रिंसिपल विभा झा ने अपने चार दशकों के संघर्ष को याद किया। वह भावुक भी हुई। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों ने उन्हें सब कुछ सिखा दिया। उन्होंने कभी धैर्य नहीं छोड़ा, कड़ी मेहनत की और लक्ष्य को टारगेट करते हुए अपनी पहचान बनाई। इसलिए वे चाहती हैं कि टीचर्स भी अपने काम में परफेक्ट बने। वक्ताओं ने कहा कि टीचर्स पथ-प्रदर्शक होते हैं। वे सिर्फ पढ़ना-लिखना ही नहीं सिखाते बल्कि अच्छे अनुशासन, संस्कार और जीवन जीने की सही कला भी सिखाते हैं। टीचर्स डे को यादगार बनाने के लिए, टीचर्स ने मनोरंजक गेम्स आयोजित कर खूब एन्जॉय किया। शिक्षकों के सम्मान में आईआईटी, टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कामधेनु यूनिवर्सिटी, डीयू सहित अन्य जगहों पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साइंस कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज, सेक्टर-9 कॉलेज, नवीन कॉलेज खुर्सीपार सहित अन्य जगहों पर भी कार्यक्रम हुए।




### शिक्षक दिवस पर प्रनाम द्वारा वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान

**भिलाई।** सामाजिक संस्था प्रबुद्ध नागरिक मंच प्रनाम ने शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर भिलाई निवास में एक गरिमामय आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान के साथ भारत के नवनिर्माण में शिक्षकों का योगदान/" विषय पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। सम्मानित किए गए शिक्षकगण में सेवानिवृत्त हेड मास्टर रुद्र नारायण सिन्हा, राजेश पांडे, हेमंत उपाध्याय, श्रीमती रितु बेलचंदन और पी स्मिता राव को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष सम्मान से किया गया। इस दौरान प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी, विमलेश मुन्ना जैन, ओजस धर्मपालन, विजय साहू, दीपक शर्मा, राजेश राव, देवेंद्र लहरी, रतन शर्मा और राकेश साहू सहित अनेक प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। सभी ने शिक्षकों की महत्ता और उनके समाज के प्रति योगदान पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए। शिक्षक सम्मान एवं संगोष्ठी के आयोजन के साथ न केवल शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर था, बल्कि यह भी संदेश दिया गया कि शिक्षक समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। बहूद्देशीय सामाजिक संस्था प्रनाम के इस आयोजन के प्रति सम्मानित शिक्षकगण द्वारा आभार प्रगट किया गया।





### ज्ञान और संस्कार देने वाले शिक्षक हुए सम्मानित

**भिलाई।** शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन संतोषी पारा केम्प-2 स्थित केशव मेमोरियल स्कूल में उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक को विधायक प्रतिनिधि एवं कैंप मंडल अध्यक्ष रामेश्वरी सिन्हा के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रत्येक शिक्षक को प्रमाण-पत्र भेंट कर उनके योगदान का गौरवपूर्ण अभिनंदन किया। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं अभिभावकों ने भी शिक्षकों के कार्य और समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षको के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। रामेश्वरी सिन्हा ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं। वे केवल ज्ञान ही नहीं बाँटते, बल्कि बच्चों के जीवन में संस्कार और दिशा भी देते हैं। आज का यह सम्मान उनके अथक परिश्रम और सेवा भावना के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य धर्मेन्द्र गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से शिक्षक का मनोबल और अधिक बढ़ता है।



## दसलक्षण पर्व पर धर्म, ध्यान व तपस्या की लहर, 9 साधकों ने किए 9 व्रत पूरे



**भिलाई।** इन्द्रियों पर नियंत्रण रखना कठिनतम तप हैं, आज के भागमभाग भरे जीवन में तपसाधना के भाव बहुत देर से जागते हैं जब व्यक्ति के पास समय सीमित रह जाता हैं। लेकिन हर बार की तरह इस वर्ष भी सकल जैन समाज में तपस्याओं का सिलसिला हर मंदिरों में जारी हैं जिसमें बच्चे, युवा, वृद्ध सभी उत्साहपूर्वक साधनारत हैं।

नेहरूनगर के 9 साधक इस वर्ष उत्कृष्ठ साधना कर रहे है व दस उपवास की भावना लिए आज इनके 9 उपवास पूर्ण हो चुके हैं। भिलाई स्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त सीजीएम अनिल जैन, मेडिकल व्यवसायी पवन जैन, संदीप जैन विद्याश्री, विधानाचार्य अनेकान्त जैन, अर्चना जैन, साक्षी संदीप जैन, प्राची निखिल जैन, वैशाली विजय जैन, ख़ुशी अजित जैन, दृढ़ संकल्प पूर्वक तपसाधना में अग्रसर हैं। शास्त्रों में 12 प्रकार के तप कहे गए हैं, उनमें रसना इन्द्रिय पर नियंत्रण महत्वपूर्ण माना जाता हैं। जैन धर्म के अनुसार उपवास का अर्थ है 36 घंटे तक आहार का त्याग करना। इसके अतिरिक्त पर्व के दिनों में हर व्यक्ति अपनी क्षमतानुसार एकाशन, अन्न का त्याग, रस का त्याग आदि कर के अपनी आत्मा को पवित्र बनाने का प्रयास करता है। दिगंबर जैन सभा नेहरूनगर के अध्यक्ष मनीत जैन, उपाध्यक्ष रमेश जैन नाहर, संरक्षक राजकुमार जैन, महावीर पाटनी, अशोक पहाड़िया, सचिव क्षितिज जैन, कोषाध्यक्ष गौरव जैन, चातुर्मास संयोजक जितेन्द्र जैन, आनंद जैन, सचिन जैनम आदि ने तपस्वियों के तप की अनुमोदना करते हुए पूरे परिवार को शुभकामनाएं दी है। जैन भवन नेहरूनगर में रविवार को आयोजित विश्व सद्भावना दिवस पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके बाद अभिषेक शांतिधारा और शास्त्र प्रवचन आर्यिका संघ के सानिध्य में सम्पन्न होंगे। उसके बाद सभी उपवासकर्ताओं का पारणा व सम्मान किया जायेगा।

## मरीजों के जांच में होगी सुविधा चार स्थेटीस्कोप किया प्रदान



**भिलाई।** जीवन दीप समिति के कार्यकारिणी की बैठक जिला चिकित्सालय के टेली मेडिसिन वीडियो कॉन्फ्रेसिंग हॉल में आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज दानी, सह अधिक्षक डॉ एके मिंज, आर एम ओ डॉ अखिलेश यादव के प्रतिनिधित्व और जीवन दीप समिति के कार्यकारिणी सदस्य, मानद सदस्य और आजीवन सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक के बाद जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर द्वारा जिला चिकित्सालय में चार नग स्थेटीस्कोप कलेक्टर द्वारा स्टोर इंचार्ज रमन गंधर्व को सौंपा गया। श्री ठाकुर इसके पूर्व नवजात शिशु के हृदय के धड़कन की जांच के लिए दो डॉपलर मशीन मातृत्व और शिशु विभाग में एक बड़ी साइज की सेनेटाइजर मशीन आदि प्रदान कर चुके है।


कल से शुरू हो रहा पितृपक्ष, तालाबों में होगा तर्पण

## श्राद्ध तर्पण के लिए गयाजी जाने वाले जरुरतमंद लोगों को होगी सुविधा, ठहरने की निशुल्क व्यवस्था

कार्नर न्यूज



**भिलाई। सनातन धर्म में पितृ जनों का आशिर्वाद जीवन भर बनाएं रखने के लिए मनाया जाने वाला पितृ पक्ष इस बार 7 सिंतबर शुरु हो रहा है। इस दौरान पितृों को मोक्ष प्रदान करने भिलाई-दुर्ग से लोग गयाजी बिहार जायेंगे। जिसके लिए अभी से बुकिंग शुरु हो चुकी है। लेकिन इस बार वैशाली नगर के आर्थिक रुप से कमजोर लोगो के लिए ठहरने की व्यवस्था स्थानीय विधायक रिकेश सेन द्वारा की जा रही है। जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।**



### पिंडदान के लिए जाने वालों को ठहरने की नि:शुल्क व्यवस्था

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के ऐसे रहवासी जो 7 सितंबर से प्रारंभ हो रहे पितृ पक्ष में श्राद्ध कर्म और तर्पण के लिए गया जी जाना चाहते हैं लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर हैं उनके लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन गयाजी में ठहरने की व्यवस्था करेंगे। ऐसे जरूरतमंद वैशाली नगर विधायक कार्यालय में सम्पर्क कर सहयोग और मार्गदर्शन ले सकेंगे। श्री सेन ने बताया कि गयाजी जाने का सबसे शुभ और महत्वपूर्ण समय पितृपक्ष (श्राद्ध पक्ष) है, जो 7 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। इसी समय पूर्वजों की आत्माएं धरती पर आती हैं और उनके लिए किया गया पिंडदान सीधे उन तक पहुँचता है, जिससे उन्हें मोक्ष प्राप्त होता है। पितृपक्ष के दौरान लाखों तीर्थयात्री पिंडदान के लिए गया जाते हैं। वैशाली नगर विधानसभा के ऐसे रहवासी जो पिंडदान के लिए गयाजी जाना चाहते हैं मगर आर्थिक रूप से मजबूत नहीं हैं उनके लिए पिंडदान के लिए गयाजी में रूकने की व्यवस्था उनके द्वारा की जायेगी ताकि वो अपनी सहुलियत के मुताबिक गयाजी में रह कर पिंडदान कर पितरों को मोक्ष दिला सकें।



### पहले भी धार्मिक आयोजनों में कर चुके है व्यवस्था

वैशाली नगर विधानसभा के रहवासियों के महाकुंभ यात्रा के आलावा अयोध्या श्रीराम धाम जाने के लिए भी विधायक रिकेश ने जरूरतमंदों के लिए एक तरफ की रेल यात्रा की सुविधा प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। यह 15-16 दिन की अवधि होती है, जब पितरों यानि पूर्वजों की आत्मा की शांति और मुक्ति के लिए श्राद्ध और तर्पण किया जाता है। सनातन धर्म में मान्यता है कि गयाजी में पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दौरान लोग अपने पितरों को याद कर उनका आशीर्वाद लेते हैं। माना जाता है कि पितृ पक्ष में पितृ धरती लोक पर आते हैं और सभी के कष्टों को दूर करते हैं।

### पितृऋण से मिलती है मुक्ति

विष्णु पुराण के अनुसार गया में श्राद्ध करने से पितृ आत्माओं को शांति मिलती है। यहाँ भगवान विष्णु के चरणचिह्न भी हैं और माता सीता ने भी सीता कुंड में महाराज दशरथ के लिए पिंडदान किया था, जिससे गयाजी का महत्व और भी बढ़ जाता है। गया में श्राद्ध कर्म, तर्पण विधि और पिंडदान करने के बाद कुछ भी शेष नहीं रह जाता है और यहां से व्यक्ति पितृऋण से मुक्त हो जाता है। गया का महत्व इसी से पता चलता है कि महाभारत काल में पांडवों ने भी इसी स्थान पर श्राद्ध कर्म किया था।

## सिटी इवेंट



भिलाई। सार्वजिनक उत्सव समिति सब्जी मंडी का राजा नेताजी सुभाष मार्केट पावर हाउस।

● दुल्हनों और रंगारंग कार्यक्रम से सजा बीएमएस मरोदा में तीज मिलन का मंच, ज्योति बनी तीज क्वीन

# राजस्थानी, केरल, महाराष्ट्र और बंगाली परिधानों में सजी दुल्हनों ने रैंप पर बिखेरा संस्कृति का जलवा

**भिलाई।** बीएसपी कर्मियों और अधिकारियों की पत्नियों की प्रतिभा को मंच देने वाले शहर के सबसे बड़े भिलाई महिला समाज के मरोदा क्लब का तीज मिलन समारोह हुआ। इस कार्यक्रम में जहां क्लब की सदस्य दुल्हन बनकर पहुंची तो वही उनकी परफार्मेंस ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सोलह श्रृंगार कर पहुंची महिलाओ में कोई केरल की दुल्हन बनकर पहुंचा तो कोई राजस्थानी दुल्हन के रूप में नजर आई। वही लंबा सा सिंदूर लगाकर महिलाओं ने यूपी और बिहार की दुल्हन की खूबियां भी दिखाई। संस्कृति, संस्कार और सशक्तिकरण को दर्शाते हुए इन महिलाओँ ने रैंपवॉक में न सिर्फ खुद को साबित किया, बल्कि समाज के लिए भी संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भिलाई महिला समाज की कार्यकारी अध्यक्ष स्मिता गिरी थी। विशेष अतिथि भिलाई महिला समाज की उपाध्यक्ष मौली चक्रवर्ती, छवि निगम, पूनम कुमार, रेणुका रविन्द्रनाथ एवं राजहरा महिला समाज से शीला प्रकाश थी। वही कोर कमेटी से सचिव सोनाली रथ, सहसचिव चैती पॉल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन, सहकोषाध्यक्ष रीता तिवारी मौजूद थे। इसके साथ ही भिलाई महिला समाज की सभी यूनिट की इंचार्ज भी मौजूद थी। इस मौके पर क्लब की सचिव प्रिया पगारे ने स्वागत भाषण के जरिए क्लब की गतिविधियों को बताया।





### रैंप में ब्रेन विद् ब्यूटी

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तीज क्वीन रही। क्लब में हुए ऑडिशन के बाद 17 मेंबर्स सेमीफाइनल राउंड के लिए चुने गए। इन सभी ने रैंपवॉक और अपने-अपने प्रॉप के जरिए अपनी खूबसूरती को पेश किया। इस राउंड से 8 प्रतिभागी फाइनल के लिए चुने गए। जिसमें अगले राउंड में खूबसूरती के साथ उनकी कुशाग्र बुद्धि को भी परखा गया। अतिथियों के प्रश्नों के सही और सटीक जवाब देकर ज्योति ठाकुर ने तीज क्वीन का खिताब जीता। वही दूसरे स्थान पर पूजा झा रही और तीसरे स्थान पर स्मिता गोन रही। जजेस च्वाइस का खिताब विजया सोनी और माधवी को दिया गया। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन पुनिता कौशल और रश्मि साहू ने किया। जबकि रैंपवॉक सोमा दाम के मार्गदर्शन में किया गया।




### यूनिटी और डिसिप्लिन में नंबर वन

इस मौके पर मुख्य अतिथि एवं भिलाई महिला समाज की कार्यकारी अध्यक्ष स्मिता गिरी ने कहा कि मरोदा क्लब हमेशा ने अपनी अलग छाप छोड़ी है। तीन बार चैम्पियन रहे इस क्लब की यूनिटी और डिसिप्लिन काबिले तारीफ है। यहां महिलाएं क्लब की मेंबर नहीं बल्कि फेमिली की तरह रहती है जो हाथों-हाथ हर काम संभाल लेती है। उन्होंने कोर कमेटी में सहसचिव और क्लब की सीनियर मेंबर चैती पॉल के भिलाई महिला समाज के प्रति समर्पण की भी तारीफ की। कार्यक्रम के अंत में क्लब की सहसचिव अनिता बंसल और कोषाध्यक्ष शिखा तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर क्लब की वरिष्ठ सदस्य पूनम प्रियदर्शी, संगीता सिजारिया, रश्मि घाटे, सुनीता निखाड़े, उषा साहू, ज्योति चंद्राकर, दिव्या साहू, पूनम वर्मा, सोमा देब, कामिनी तिवारी, संध्या वर्मा, रेशू जैन, शीतल चेलक, कल्पना देवांगन सहित क्लब की सैकड़ों सदस्य मौजूद थी।

### मंच पर भक्ति से लेकर शक्ति

सिविक सेंटर स्थित प्रगति भवन में हुए इस आयोजन में कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। जिसे क्लब की सीनियर मेंबर रश्मि घाटे ने प्रस्तुत किया। वंदना और स्वाति ने गीतों के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। जबकि गणेश वंदना पर विद्या और पूजा झा ने नृत्य पेश किया। इसके बाद ड्रामा में अनिमा और ग्रुप ने समां बांधा। वही क्लब की सीनियर मेंबर सोमा दाम के सेमीक्लासिकल डांस को सभी ने पसंद किया। रेट्रो डांस में नीता त्रिपाठी, सुनीता यादव और निधि मिश्रा ने फिल्मी तड़का लगाया। इसके साथ ही श्वेता कोरी की कोरियोग्राफी में पूनम, ठाकुर, माधवी, विजया सोनी, आभा और पुष्पा ने राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति दी।

## समाज इवेंट

## ओणम सेलिब्रेशन में दिखी संस्कृति की मनमोहक झलक



**भिलाई।** मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिसाली ने ओणम से पूर्व केरल का महत्वपूर्ण कृषि पर्व ओणम का आयोजन किया। जिसमें प्रतीकात्मक रूप से राजा महाबली के शुभागमन के साथ- साथ माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक के विद्यार्थियों ने पर्व का महत्त्व बताते हुए एक रोचक नाटक, नृत्य और मलयालम लोकगीत प्रस्तुत किया। हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थियों ने तिरुवादिरा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की। साथ ही केरल के गुरु श्री नारायण गुरु के जन्म दिवस पर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके सिद्धांत एक जाति, एक धर्म और एक ईश्वर की धारणा को बताया। विद्यालय की प्रबंधक एवं प्राचार्या डॉ सजीता थंबी ने विद्यार्थियों की सुंदर प्रस्तुति की सराहना करते हुए नारायण गुरु के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा राजम सुधाकरण, प्रबंधक बंधु एस सजीव, विद्यालय की प्रबंधक एवं प्राचार्या डॉ सजीता थंबी, उपप्राचार्या डॉ बीना संजीव, प्रधानाध्यापिका निशि साजन और विद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।




## शुक्रवार को पूरे दिन हवन- पूजन

## गणेश पंडाल और प्रतिमाएं होंगी सम्मानित, विसर्जन शुरू





**भिलाई।** सभी जगहों में गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन का दौर शुरु हो चुका है। इस अवसर पर आस्था रथ सांस्कृतिक मंच द्वारा गणेश विसर्जन महोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन सिविक सेंटर में किया जायेगा। पिछले 9 वर्षो से लगातार गणेश विसर्जन के दौरान यह आयोजन किया जा रहा है। शाम 7 बजे से शहर में विराजित भगवान गणेश को स्थापित करने वाली समितियां झांकी के रूप में सेंन्ट्रल एवेन्यू से निकलेंगी। इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस धार्मिक आयोजन में दुर्ग सांसद विजय बघेल, मंत्री गजेंद्र यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, भिलाई महापौर नीरज पाल सहित कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी शामिल होंगे। इस बार सेना और पुलिस के जवानों को समर्पित मंच जवानों के साहस और शौर्य को नमन करते हुए आस्था-रथ का यह कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें सेना और पुलिस के अधिकारी शामिल होंगे। जांजगीर चांपा के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों द्वारा भारत की प्राचीन खेल विधा मलखंभ का प्रदर्शन किया जाएगा। इस आयोजन के जरिए खिलाडड़ी अपने जौहर का प्रदर्शन करेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में भिलाई का गौरव बढ़ाने वाली विभूतियों का सम्मान किया जाएगा। आस्था-रथ सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष मिथलेश ठाकुर ने बताया कि गणेश विसर्जन महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह को आकर्षक बनाने के लिए वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग में सर्वश्रेष्ठ पंडाल, सर्वश्रेष्ठ प्रतिमा, सर्वश्रेष्ठ पूजा समिति, सर्वश्रेष्ठ झांकी जैसे कई आकर्षक पुरस्कार रखे गए है। उन्होने बताया कि इसके अलावा आयोजन में शामिल होने वाली प्रत्येक समितियों का उत्साह बढाने के लिए उन्हें सम्मानित किया जाएगा। संयोजक अनूभूति भाकरे ठाकुर ने शहरवासियों को कार्यक्रम को शामिल होने को कहा है।

## दसलक्षण पर्व जारी

## सुमतिनाथ की शांतिधारा, आज भगवान जिनेंद्र की शोभायात्रा



**भिलाई।** त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में दसलक्षण पर्व जारी है। शुक्रवार को सुमति नाथ भगवान की शांति धारा का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद थे। 6 सितंबर को अनंत चौदस पर जिनेंद्र भगवान की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। शुक्रवार को उत्तम आंकिचन धर्म दिवस पर भक्तों ने तीर्थंकरों का अभिषेक किया। पारसनाथ दिगंबर जैन सभा के अध्यक्ष प्रशांत जैन ने मंच संचालन किया। प्रचार प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि 10 लक्षण धर्म में सभी तपस्या करने वाले एवं उपवास कर्ताओं के मंगल स्वास्थ्य लाभ हेतु सभी की धर्म की अनुमोदना वीर प्रभु से करते हुए सभी की कुशल कामना के लिए शांति धारा की गई। शांति धारा करने वालों में मानव सेवा परिसर के संरक्षक भीकमचंद प्रतिभा कोठारी, प्रशांत ममता जैन, प्रदीप जैन, प्रतीक प्रासुख नाहर, डिंपी सौरभ जैन, चंपा देवी सुनील जैन सहित अन्य शामिल थे। तीर्थंकरों पर अष्टद्रव्य एवं श्रीफल अर्पण किया गया। पंडित अतिशय शास्त्री, वरुण निशांत जैन, साधना जैन, नीना जैन ने पूजा की। पंडित ने बताया कि हमारे आचार्य गुरुवर ने उत्तमआंकिचन धर्म का महत्व बताते हुए कहा कि शरीर आदि पर पदार्थ से पूर्ण ममत्व का त्याग करना अकिंचन धर्म है।

**त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में हो रहा आयोजन**

## सिटी लाइव

## 24 को निकलेगी भव्य चुनरी यात्रा, तय की गई रूप रेखा



**नंदिनी अहिवारा/भिलाई।** युवा छत्तीसगढ़ी भक्ति मंच अहिवारा की बैठक नंदिनी टाउनशिप में संपन्न हुई। अध्यक्षता मंच के अहिवारा अध्यक्ष राहुल चंदेल ने की। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष दाऊ आनंद ताम्रकार मौजूद थे। बैठक में आगामी नवरात्रि पर्व के तृतीय दिवस 24 सितंबर बुधवार को आयोजित होने वाली 9वीं वार्षिक दिव्य भव्य चुनरी यात्रा की रूपरेखा तय की गई। प्रदेश प्रवक्ता आदित्य ताम्रकार ने बताया कि चुनरी यात्रा दोपहर 4 बजे भगवती शिवराम मंदिर, पथरिया चौक (चंचल पेट्रोल पंप), नंदिनी नगर वार्ड 12 से माताओं-बहनों द्वारा पूजा-अर्चना के साथ शुरु होगी। यह यात्रा नंदिनी नगर टाउनशिप मार्केट, अंबेडकर चौक, जन्मदिन पार्क, अहिवारा रेलवे तिराहा, अहिवारा बस स्टैंड, अटल चौक, संतोषी मंदिर होते हुए रात 10 बजे शीतला मंदिर अहिवारा में माता चुनरी अर्पण के साथ संपन्न होगी। ग्रामीण अंचलों से लगभग तीन से पाँच हजार श्रद्धालुओं इसमें मौजूद होंगे। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, स्वागत समिति सांस्कृतिक कार्यक्रम, भोज/प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। पुलिस-प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा और यात्रा में एम्बुलेंस की सुविधा होगी। चुनरी यात्रा के प्रमुख आकर्षणों में मौत के उस पार विषय पर आधारित झांकी, मां दुर्गा की दस महाविद्यालयों के स्वरूप, विशाल यमराज सिंहासन और धुमाल बाजा, ध्वनि विस्तारक यंत्र व प्रकाश सज्जा शामिल रहेंगे। युवा अध्यक्ष अभिनव ताम्रकार ने स्वागत भाषण दिया। महामंत्री सौम्या मिर्चे ने आभार जताया। बैठक में जितेन्द्र यादव, देवेंद्र कश्यप, दिनेश साहू, देव मानिकपुरी, शीतल मानिकपुरी, ममता जंघेल, खेमेश निर्मलकर, करण साहू, योगेंद्र पाण्डू भारती, ऋषि मुदलियार, साहिल साहू, उज्जवल दुबे, मुकेश साहू आदि मौजूद थे।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर शहर में जुलूस, लंगर और तकरीर सहित हुए कई आयोजन

कार्नर न्यूज

# शान से फहराया परचमे इस्लाम, निकला जुलूसे मुहम्मदी

**भिलाई।** पैगम्बर हजरत मुहम्मद के 1500 वें जन्मदिन पर शहर में सुबह से देर रात तक जुलूस, तकरीर, नातिया कलाम लंगर और सम्मान समारोह सहित कई आयोजन हुए। इन आयोजनों में बड़ी तादाद में लोगों की भागीदारी रही। जुलूसे मुहम्मदी में लोग नात शरीफ पढ़ते हुए चल रहे थे। वहीं जगह-जगह शरबत के सबील और लंगर के स्टॉल भी लगाए गए थे। शाम को जामा मस्जिद सेक्टर-6 के ईदगाह मैदान में नारा-ए-तकबीर अल्लाहू अकबर और नारा-ए-रिसालत या रसूल अल्लाह की गूंज के बीच परचमे इस्लाम फहराया गया। इसके पहले ईद मिलादुन्नबी पर आयोजनों की शुरूआत शुक्रवार की सुबह से हो गई। फज्र की नमाज के बाद शहर की तमाम मस्जिदों, सभी मदरसों में परचमे इस्लाम फहराया गया और नात शरीफ पढ़ी गई। शहर में कैम्प-1, कैम्प-2, खुर्सीपार, फरीद नगर और सेक्टर-7 सहित विभिन्न मदरसों से सुबह के वक्त जुलूस निकाला गया। इन जुलूसों में बड़ों के साथ-साथ बच्चों की भी बड़ी तादाद में भागीदारी रही। इसके बाद भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट की अगुवाई में मुख्य जुलूस की शुरूआत दोपहर ठीक 2 बजे गौसिया मस्जिद केम्प-1 से हुई।





### की अमन व सलामती की दुआएं

जुलूस की कयादत हज़रत अल्लामा सैय्यद मुहम्मद अहरार आलम वफा शहबाज़ी कर रहे थे। साथ ही जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम इकबाल अंजुम हैदर, भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग और तमाम मस्जिदों के इमाम व ओहदेदार भी जुलूस में खास तौर पर मौजूद थे। जुलूस कैंप 1 मस्जिद से निकला और कैंप 2, पावर हाउस होते हुए सेक्टर 1 से सेंट्रल एवेन्यू पहुंचा और शाम 6 बजे तक सेक्टर-6 जामा मस्जिद के ईदगाह मैदान पहुंचा। यहां मगरिब की नमाज के वक्त शाम को परचम कुशाई की गई। यहां आलिमो की तकरीर हुई और मुल्क में अमन व सलामती की दुआएं की गई। मगरिब की नमाज़ के फौरन बाद ईदगाह मैदान में तक़रीरी प्रोग्राम हुआ जिसमें अल्लामा सैयद मुहम्मद अहरार आलम वफा शहबाजी ने सीरतुन्नबी का बयान किया।

### कराया मुए-मुबारक का दीदार, दुर्ग में भी जुलूस

जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मदनी मस्जिद जोन 1/2 खुर्सीपार में सुबह नमाज फ़ज़र पैगम्बर हजरत मुहम्मद सरकार के मुए मुबारक (पवित्र केश) की जियारत करवाई गई। वहीं इलाके में जुलूसे मुहम्मदी भी निकाला गया। दुर्ग शहर में जुलूसे मोहम्मदी की कयादत हज़रत अल्लामा अश्शाह सैय्यद अहमद अशरफ अशरफ़ी उल जिलानी ने की। जुमे की नमाज उन्होंने जामा मस्जिद दुर्ग में पढ़ाई और इसके बाद जुलूस निकला। नबी के दीवाने (एनकेडी) ग्रुप कैम्प-1 की ओर से सुबह 6.00 बजे सुल्तानपुर ताजिया चौक में परचम कुशाई की गई और शीरनी बांटी गई। शोहदाए कर्बला कमेटी (एसकेसी) की ओर से जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर अहमद नगर कैम्प-2 को शानदार झालर व लाइटों से रोशन किया गया। यहां नात शरीफ पेश करने वाले बच्चों को इनाम दिए गए।

### सेक्टर-7 में निकला जुलूस

जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर सेक्टर -7 में कई आयोजन हुए। गुरुवार 4 सितंबर की शाम बाद नमाज मगरिब क्वा नं- 6/बी, सड़क-19 मदरसे में बच्चों की नात ख्वानी रखी गई। शुक्रवार को सुबह ठीक 07:30 बजे सेक्टर-7 सड़क-19 स्थित मदरसे से जुलूस ए मोहम्मदी निकला। जो सेक्टर 7 मार्केट से होते हुए अलग-अलग हिस्सों में गश्त करते हुए वापस मदरसा पहुंचा। यहां परचम कुशाई की रस्म अदा की गई और दुआए खैर की गई।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सौरभ की बॉलिंग की बदौलत कर्नाटक हुआ 85 रन से पीछे



रायपुर। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसियेशन की ओर से डॉ के एस थिमैय्या मेमोरियल आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट का आयोजन 04 सितंबर से बैगलुरु में किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का पहला मैच कर्नाटक के विरुद्ध खेला गया। दूसरे दिन कर्नाटक ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 90.5 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 254 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की शुरुआत खराब रही। प्रारंभिक बल्लेबाज कुछ खास नही कर सके। छत्तीसगढ़ की ओर से शाहबान खान ने 61 रन तथा शशांक चंद्राकर ने 39 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त प्रतीक यादव ने 36 रन तथा शशांक सिंह ने 27 रनों की पारी खेली। कर्नाटक की ओर से अभिलाष ने 4 विकेट तथा विद्याधर पाटिल ने 3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक कर्नाटक ने अपनी पहली पारी में 61.4 ओवरों में 7 विकेट खोकर 169 रन बना लिये है। कर्नाटक की ओर से स्मरण ने 47 रन तथा श्रेयश गोपाल ने नाबाद 28 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से सौरभ मजुमदार ने 4 विकेट लिए। दूसरे दिन की समाप्ति तक कर्नाटक 85 रनों से पीछे है।

### राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दम दिखा रहे खिलाड़ी




रायपुर। 22वी छत्तीसगढ़ सब जूनियर, जूनियर एवं अंडर-23 तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन शुक्रवार को बहतराई एथलेटिक स्टेडियम, बिलासपुर में मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने किया। इस प्रतियोगिता में विजेता अंडर 20 बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर राहुल कुमार वर्मा जशपुर, दूसरे सौरव पाल जशपुर से एवं मुकेश पाल तीसरे स्थान पर बीजापुर से रहे। अंडर 20 बालिका वर्ग 5000 मी में सोनिका राजवाड़े प्रथम स्थान पर सूरजपुर से, दूसरे स्थान पर निशा साहू राजनांदगांव, तीसरे स्थान पर लिकेश्वरी ताराम कांकेर से रही। अंडर 23 बालक वर्ग 5000 मीटर में प्रथम स्थान पर छत्रपाल राजनांदगांव से, विजय कुमार नारायणपुर से, दूसरे स्थान योगजीत कवर्धा से तीसरे स्थान पर रहे।गर्ल्स अंडर 18 हाई जंप में एडविना कांत प्रथम शक्ति से, किरण ध्रुव रायपुर से दूसरे स्थान पर, खिलेश्वरी खरास शक्ति से तीसरे स्थान पर रही। भाला फेक अंडर 16 बालिका वर्ग रानू भोगमी दंतेवाड़ा से प्रथम स्थान, भूमिका बीजापुर से दूसरे स्थान, लक्षिता यादव शक्ति से तीसरे स्थान पर रही। भाला फेक अंडर 16 बालक वर्ग में राजेश इतम दंतेवाड़ा से प्रथम, उत्कर्ष इक्का सरगुजा से दूसरा, अनंत कुमार रायपुर से तीसरे स्थान पर रहे। भाला फेक अंडर 18 बालक वर्ग में विजय कुमार यादव रायपुर प्रथम, शौर्य अग्रवाल रायपुर दूसरे स्थान पर एवं देवलाल बिलासपुर से तीसरे स्थान पर रहे। भाला फेंक में अनन्या सृष्टि भोई बिलासपुर से प्रथम, अंजलि साहू कोरबा से द्वितीय एवं अंजलि राठौर कोरबा से तीसरे स्थान पर रही। गोला फेक अंडर 18 बालिका वर्ग में मिताली विश्वास रायपुर से प्रथम ,संधनी साहू बलोदा बाजार से द्वितीय, बी मीमांसा दुर्ग से तीसरे स्थान पर रही। अंडर 16 गोला फेक बालिका वर्ग में सुखमति दंतेवाड़ा प्रथम स्थान ,दीक्षा यादव शक्ति दूसरे स्थान, वर्षा साहू कोरबा तीसरे स्थान पर रहे। तवा फेक अंडर 16 बालक वर्ग में सिद्धार्थ नागेश रायपुर से प्रथम अनिल साहू रायपुर से दूसरे एवं भूपेश सिंह बालोंद से तीसरे स्थान पर रहे। तवा फेक अंडर 20 बालक वर्ग में अनिरुद्ध विश्वास भिलाई स्टील प्लांट से प्रथम , अभय कुमार बिलासपुर से दूसरे स्थान पर रामचरण कोरबा से तीसरे स्थान पर रहे। तवा फेक अंडर 23 बालक वर्ग में अंकित अहलावत बिलासपुर से प्रथम ओम प्रकाश यादव रायपुर से द्वितीय एवं उदय गड़ेवाल रायपुर से तीसरे स्थान पर रहे। सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने समूचे छत्तीसगढ़ से आए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया साथ ही कहा कि बिलासपुर में खेल के विकास में कोई कमी नहीं होने देंगे। अध्यक्षता कर रहे सुशांत शुक्ला ने स्टेडियम को और अच्छा बनाने की बात कही। इस प्रतियोगिता में तकनीकी अधिकारी पी जे सेबस्टियन, के श्रीनिवास ,दीपक जे पटेल, रवि देशमुख, अभ्युदय तिवारी, संजय केवर्थ, प्रमोद धीवर, स्नेह यादव, गुरमीत अटवाल, मंतोष साहू, अरुण पाल ,सुरेश कुमार और सुब्रजा उपस्थित रहे। आयोजन में महासचिव छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ अमरनाथ सिंह, जसविंदर सिंह भाटिया, सुशील मिश्रा, पीजी जय कृष्णन, टी रमेश बाबू, सुभाष कुमार, के श्रीनिवास, अमिताभ मानिकपुरी, देवेंद्र राठौर ,दीपक साहू, सुनील पटेल, रामदेव, गोविंद राव, प्रियांशु एवं अजीत ने आयोजन को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई। यह जानकारी छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के संयुक्त सचिव एवं प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार ने दी।

### 9 घंटे करते हैं ऑफिस में काम तो हो सकती है ये बीमारी, ऐसे बरतें सावधानियां

# लगातार बैठकर काम करते हैं तो हो जाएं सावधान, शरीर के साथ-साथ मन पर भी होता है गहरा असर

अगर आप ऑफिस में 9 घंटे काम करते हैं तो सावधान हो जाइए। आपको भले ही बैठ कर काम करना आरामदायक लगता हो लेकिन आप इससे कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का शिकार हो सकते हैं। इससे ना सिर्फ आपको शारीरिक तौर पर नुकसान होता है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी खऱाब होता है। डायटीशिन प्रियंका जायसवाल ने इसके काफी नुकसान बताए हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक आप काम तो कर रहे होते हैं लेकिन ये एक तरह की गतिहीन जीवनशैली ही है, जिसमें लोग सुबह 9 से 6 डेस्क पर बैठ कर काम करते हैं। एक्सपर्ट कहती हैं कि जब आप बिना किसी मूवमेंट के एक ही स्थिति में देर तक काम करते हैं तो इससे आपके शरीर का मेटाबॉलिज्म प्रभावित होता है, जिससे आप कई गंभीर बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। आइए एक्सपर्ट से ही जानते हैं इसके नुकसान और इससे बचने के उपाय।



### आपको बीमार बना सकता है 9 घंटे का काम

दिल की बीमारी होने का खतरा बना रहता है,दरअसल जब आप लगातार बैठे रहते हैं तो आपका शरीर फैट बर्न नहीं कर पाता है, इससे मोटापा बढ़ने लगता है,इससे दिल की बीमारी का खतरा बढ़ाता है। जब आप एक ही जगह पर लंबे समय तक बैठे रहते हैं तो आपके शरीर का ब्लड सर्कुलेशन बिगड़ जाता है,शरीर में रक्त के थक्के जम सकते हैं जिससे दिल के दौरे या स्ट्रोल का खतरा बढ़ जाता है। आप खराब पॉश्चर के शिकार हो सकते हैं,एक ही पॉश्चर में घंटों काम करने से सर्वाइकल स्पोंडिलोसिस की बीमारी हो सकती है। लंबी शिफ्ट करने से व्यक्ति में अकेलेपन की भावना बढ़ जाती है। इस वजह से डिप्रेशन और एंग्जाइटी की समस्या हो सकती है। आपके मस्तिष्क पर भी नाकारात्मक असर पड़ता है, आपको भूलने की समस्या हो सकती है,सोंचने समझने की भी शक्ति प्रभावित हो सकती है। फिजिकल एक्टिविटी की कमी की वजह से ब्लज फ्लो की कमी होती है और ऐसे आप हाई बीपी (हाई बीपी को मैनेज करने के टिप्स) के शिकार भी हो सकते हैं। लंबे वक्त तक बिना फिजिकल एक्टिविटी के कम करने से इंसुलिन संवेदनशीलता कम हो सकती है जिससे आपको डायबिटीज की समस्या भी घेर सकती है। दिन भर लैपटॉप पर काम करने से आपके आंखों की रौशनी प्रभावित हो सकती है।

### कैसे बरतें सावधानियां?

खुद को एक्टिव रखने के लिए लिफ्ट्स की जगह ज्यादा से ज्यदा सीढ़ियों का ही इस्तेमाल करें। हर एक घंटे में 10 मिनट का ब्रेक जरूर लें। बीच-बीच में स्ट्रेचिंग करते रहें, इससे शरीर में लचीलापन बना रहेगा,अकड़न की समस्या नहीं होगी। लंच के बाद आराम करने के बजाए थोड़ी देर ठहलने (हर रोज 30 मिनट ठहलने के फायदे) की कोशिश करें। मेंटल हेल्थ को सही रखने के लिए ठहलते वक्त अपनी पसंदीदा म्यूजिक जरूर सुनें।







# बच्चों से योग करवाते समय कभी ना करें ऐसी गलतियां

हेल्दी रहने के लिए बच्चों का योग करना भी जरूरी है। लेकिन बच्चों से योग करवाते समय आपको कुछ छोटी-छोटी गलतियों से बचना चाहिए। योग आपके तन और मन दोनों को ही स्वस्थ रखने में मददगार है। चाहे बच्चे हों या फिर बड़े, हर किसी को नियमित रूप से योगासन करने की सलाह दी जाती है। आमतौर पर, बच्चे अपने पैरेंट्स को देखकर उनके साथ ही योगाभ्यास करते हैं। यकीनन ऐसा करना काफी अच्छा विचार है। लेकिन कई बार बच्चे गलत तरीके से योग करते हैं, जिससे उन्हें फायदे की जगह नुकसान होता है।

इसमें गलती बच्चों की नहीं, बल्कि पैरेंट्स की होती है। चूंकि बच्चे अपने पैरेंट को देखकर सीखते हैं, ऐसे में उनकी गलती का असर बच्चों पर पड़ता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको बच्चों से योग करवाते समय करने से बचना चाहिए-



### इसे बहुत अधिक सीरियस बनाना

यह सच है कि योग सेहत के लिए बहुत अधिक लाभकारी है। लेकिन इसे बच्चे के लिए बहुत अधिक सीरियस बनाना आपकी बहुत बड़ी गलती हो सकती है। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि बच्चे स्वभाव से बहुत अधिक चंचल होते हैं। ऐसे में जब आप योगा सेशन को सीरियस बनाते हैं तो बच्चों की रुचि इसमें कम हो सकती है। हो सकता है कि वे योग से भागने लगें। इसे योगा सेशन को थोड़ा लाइट बनाएं और इसे बच्चों के लिए एक फन एक्टिविटी के रूप में भी रखें।

### वार्मअप और कूल डाउन को स्किप करना

कई बार हम इस ओर ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन बड़ों की ही तरह बच्चों को भी वार्मअप और कूल डाउन करवाना बेहद जरूरी होता है। कई बार हम सीधे ही बच्चों के साथ योगा सेशन शुरू कर देते हैं। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। ऐसा ना करने से बच्चे को इंजरी हो सकती है या फिर मसल्स में खिंचाव भी हो सकता है।

### शुरुआत में हार्ड पोश्चर की प्रैक्टिस

बड़ों की तरह ही बच्चों के लिए भी शुरुआत में योगा सेशन थोड़ा आसान होना चाहिए। कोशिश करें कि आप उनके योगा सेशन के दौरान उन्हें ऐसे योगासनों का अभ्यास करें, जो आसान हों और बच्चे उन्हें आसानी से कर सकें। शुरुआत में मुश्किल पोश्चर की प्रैक्टिस करवाने से उन्हें समस्या हो सकती है। यह भी संभव है कि वे खुद को चोटिल कर लें।

### उम्र के अनुसार योग न करवाना

हर बच्चे की उम्र अलग होती है और इसलिए योगाभ्यास करते हुए बच्चे की उम्र का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। कई बार हम इस बात का ध्यान नहीं रखते हैं और ऐसे में बच्चे को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



# फिटकरी के वास्तु उपायों से हो सकता है अचानक धन लाभ




अगर आपके घर में अनायास ही समस्याएं हो रही हैं तो इसका कारण वास्तु दोष भी हो सकता है। ऐसी किसी भी समस्या के समाधान के लिए ही वास्तु के उपाय आजमाने की सलाह दी जाती है। पैसे की चाह भला किसे नहीं होती है। हर कोई इसे पाने के लिए अपना पूरा प्रयास करता है। चाहिए वह धनवान हो या माध्यम वर्गीय, सभी पैसे कमाने के उपाय खोजते हैं। दरअसल कई बार ऐसा होता है कि आपकी कोशिशों के बाद भी आपको इच्छित धन अर्जन करने में समस्याएं आती हैं।

इसका कारण आपके घर या वर्कप्लेस का वास्तु दोष भी हो सकता है। घर में आपके किचन में मौजूद कई ऐसी चीजें होती हैं जो धन के स्रोत खोलने में मदद कर सकती हैं। वास्तु के अनुसार ऐसी ही चीजों में से एक है फिटकरी। यह एक ऐसी सामग्री है जिसके इस्तेमाल से आपके घर में शुद्धि आती है और ये घर की सभी नकारात्मक शक्तियों को दूर करने में हमारी मदद करती है।

वास्तु शास्त्र में फिटकरी से जुड़े कई ऐसे उपाय हैं जो आपको आर्थिक लाभ दिला सकते हैं और आपकी समस्याओं का समाधान निकाल सकते हैं। ज्योतिषाचार्य एवं पंडित विनोद सोनी बता रहे हैं धन लाभ के लिए इसके कुछ विशेष उपायों के बारे में।

### धन लाभ के लिए

अगर आपके पास पैसा ज्यादा दिनों तक नहीं रुकता है और बिना वजह धन की हानि होती है तो अपने पर्स में एक कागज़ के टुकड़े में फिटकरी का एक टुकड़ा रखें और इसे हर 11 दिन में बदलते रहें। इस उपाय से आपको जल्द ही धन लाभ होगा।

### अच्छी नौकरी के लिए

अगर आपको नौकरी में समस्याएं हो रही हैं और आप किसी अच्छी नौकरी की तलाश में हैं तो नहाने के पानी में एक चुटकी फिटकरी मिलाएं और उस पानी से स्नान करें। आपको यह उपाय कम से कम 11 दिनों तक करना है। इससे आपको जल्द ही नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है और धन लाभ के योग बनेंगे। इसके अलावा यदि आपको अपनी नौकरी या व्यवसाय में तरक्की चाहिए तो फिटकरी का एक टुकड़ा लाल कपड़े में बांधकर रखें और अपनी दुकान या घर की तिजोरी में इसे छिपाकर रख दें। इससे आपको अचानक धन लाभ के योग बनते नजर आएंगे।

### रुका हुआ धन वापस पाने

अगर आपका पैसा कहीं अटका हुआ है और आप इसे वापस नहीं पा रहे हैं तो फिटकरी के टुकड़े को एक लाल कपड़े में बांधें और पीपल के पेड़ के पास रखें। इसके साथ ही अपनी इच्छा के बारे में विचार करते हुए उसे पूरा करने के बारे में सोचें। यदि आप इस उपाय को आजमाते हैं तो घर के सभी वास्तु दोषों से मुक्ति मिलने के साथ जल्द ही रुका हुआ धन वापस मिलेगा।

## बच्चों को बनाकर खिलाइए कुकर में चॉकलेट आटा कुकीज



कुकीज का नाम सुनकर ऐसा लगता है कि इसे बनाने में कितना वक्त, मेहनत और बहुत सारी सामग्री की जरूरत होती होगी, मगर ऐसा नहीं है। घर पर आप कुछ टेस्टी कुकीज को बहुत आसानी से बना सकते हैं।

सबसे पहले आप एक बर्तन में गेहूं और चावल का आटा अच्छी तरह से मिक्स कर लें। मिक्स करने के बाद उसमें बेकिंग पाउडर डालें और हल्के हाथ से मिलाएं। मिलाने के बाद इसमें कोको पाउडर डालें और अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इस दौरान चीनी को मिक्सर में डालकर पाउडर बना लें और आटे में डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। फिर घी डालकर डो तैयार कर लें। कुछ देर रखने के बाद आटे की लोइयां बना लें और बेकिंग ट्रे में रखकर ऊपर से बटर डालें। आप चाहें तो काजू से गार्निश भी कर सकते हैं। इसके बाद, कुकर में मिट्टी डालकर हल्की आंच पर हिट करें और कुकीज को बेक होने के लिए 10 से 15 मिनट के लिए छोड़ दें। 15 मिनट बाद इसे कुकर से निकाल लें और ठंडा होने के बाद सर्व कर सकते हैं।

सबसे पहले आप एक बर्तन में गेहूं और चावल का आटा अच्छी तरह से मिक्स कर लें। फिर घी डालकर डो तैयार कर लें। कुछ देर रखने के बाद आटे की लोइयां बना लें और बेकिंग ट्रे में रखकर ऊपर से बटर डालें।

## कार्नर न्यूज

### जल्द सुलझने वाले झगड़ों से मजबूत होते हैं पति-पत्नी के रिश्ते


# पति-पत्नी के झगड़े को झटपट सुलझ जाएं तो बेहतर, कपल्स के लिए कुछ बेहतरीन टिप्स

अगर आप भी लंबे चलने वाले झगड़े से राहत पाना चाहती है और अपने रिश्ते को वापस मजबूत बनाना चाहती है, तो आज हम आपको ऐसी तीन आसान टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप लड़ाई-झगडे को कम कर अपने रिश्ते को मजबूत बना सकती हैं।

पति-पत्नी का रिश्ता बड़ा अनमोल रिश्ता होता है। इसमें लड़ाई-झगड़ा, खट्टी-मीठी बातें चलती रहती है। लेकिन ये छोटी-मोटी लड़ाई कब बड़ी हो जाती हैं पता ही नहीं चलता है। ऐसे में कई बार पति पत्नी का झगड़ा लंबे समय तक चलने लगता है, जिससे दोनों कपल्स परेशान होने लगते हैं। अगर आप भी लंबे चलने वाले झगड़े से राहत पाना चाहती है और अपने रिश्ते को वापस मजबूत बनाना चाहती है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको ऐसी तीन आसान टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप लड़ाई-झगडे को कम कर अपने रिश्ते को मजबूत बना सकती हैं।

### झगड़े की जड़ तक जाए

अगर आपका और आपके पति का हर छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा होने लगता है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप सबसे पहले झगड़े की जड़ तक जाए और पता करें कि आपका झगड़ा किस बात पर हो रहा है। अगर आपको झगड़े की वजह पता चल जाती है, तो आप उसे सुलझाने की कोशिश करें। इसके लिए दोनों में से किसी एक को बात को खत्म करना होगा, जिससे आपका रिश्ता लंबे समय तक चल सकता है और मजबूत भी बनेगा।



### गलतियों को मान कर माफी मांगे

इसके अलावा दूसरी और सबसे जरूरी बात, अगर आप रिश्ते को मजबूत बनाना चाहती हैं, तो माफी मांगना सीखे। जब भी एक पार्टनर दूसरे पार्टनर से सभी गलतियों को मान कर माफी मांगता है, तो बात थोड़ी खत्म हो जाती है। ऐसे में अगर आपकी गलती नहीं है, तब भी अगर आप रिश्ते को मजबूत बनाना चाहती हैं, तो आपको अपने पार्टनर से माफी मांग लेनी चाहिए। अगर आप बिना गलती के माफी मांगती है, तो इसमें कोई दोहराई नहीं है। इससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा।

### एक दूसरे के साथ टाइम स्पेंड करें

तीसरी और आखिरी बात अगर आप अपने रिश्ते को मजबूत बनाना चाहती हैं और लड़ाई-झगड़े को खत्म करना चाहती है, तो दोनों एक दूसरे के लिए समय निकाले और कहीं घूमने जाएं। अगर आप एक दूसरे के साथ ज्यादा टाइम स्पेंड करती है, तो इससे दोनों एक दूसरे की भावनाओं को समझ सकेंगे और धीरे-धीरे झगड़ा भी खत्म होने लगेगा। यह टिप्स आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है।



## खबर संक्षेप

### पनिका महिला समाज का तीज मिलन महोत्सव कल

**भिलाई।** मानिकपुरी पनिका समाज भिलाई के महिलाओं द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीज मिलन महोत्सव का कार्यक्रम कबीर मंदिर मानिकपुरी पनिका समाज सामुदायिक भवन वार्ड दो रुआबांधा भिलाई में 7 सितम्बर को रखा गया है। कार्यक्रम में समाज के महिलाएं अपनी प्रतिभा गीत, नृत्य, नाटक के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए आनंद लाभ लेंगी। वहीं अपनी बचपना को याद करते हुए छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेलों का क्रियान्वयन करेगी। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले सहभागीयों को पारितोषिक वितरण भी किया जायेगा तथा समस्त सहभागियों जो गीत, नृत्य,नाटक,खेल में शामिल होंगे उन्हें सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इस कार्यक्रम में भिलाई समाज के महिलाओं के अलावा दुर्ग, पाटन, कुथरेल, धमधा, जामुल, उमरपोटी, उतई क्षेत्रों के समाजिक महिलाएं आमंत्रित हैं। कार्यक्रम में अतिथि महापौर रिसाली नगर निगम शशि सिन्हा, आयुक्त रिसाली निगम मोनिका वर्मा, पूर्व विधायक दुर्ग ग्रामीण प्रतिमा चन्द्राकर, वरिष्ठ समाज सेविका एवं पत्नी सांसद दुर्ग लोकसभा रजनी विजय बघेल, रजनी रजक लोकगायिका आदि उपस्थित रहेंगे।

### गोल्डन फिफ्टी क्लब ने मनाया मित्र मिलन समारोह



**पाटन ।** उम्र के पांचवे दशक को पार कर चुके बचपन के मित्रों द्वारा गठित गोल्डन फिफ्टी क्लब पाटन का दो दिवसीय मित्र मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम सयोजक सुनील भाले, राजेश शर्मा, डा. दिनेश नामदेव थे। पहले दिन 25 मित्रो का आगमन हुआ। एक दूसरे का आत्मीय स्वागत पश्चात विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। क्लब के वित्त बजट का राकेश सोनी द्वारा वाचन किया गया वर्तमान मे बचत राशि की जानकारी दी गई साथ ही वार्षिक सहयोग राशि जल्द से जल्द जमा करने कहा गया। तथा यह निर्णय लिया गया की आने वाले समय मे सभी मित्र क्लब सदस्यों के दुख, सुख मे सक्रिय शामिल होंगे। क्लब की और से उन्हे 5000/ की राशि भेट की जावेगी। आगे वर्ष जनवरी मे जगन्नाथ पुरी जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। क्लब के सदस्यों ने पर्ची के माध्यम से एक दूसरे को उपहार प्रदान किया।

## निधन

### देवानंद डहरीया

**भिलाई।** ग्राम पुरई निवासी एवं पूर्व जनपद सदस्य देवानंद डहरीया का निधन 5 सितंबर को हो गया।



उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. गोपाल डहरीया एवं पद्मा डहरीया के पुत्र, रामप्यारी डहरीया के पति, साहील व अमीसा डहरीया के पिता और शिवेन्द्र डहरीया के बड़े भाई थे। वे अपने पीछे सुनील, तीरथ, रोशन, कंवल सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## परंपरा : धौराभाठा में शिक्षकों का हुआ सम्मान

# गुरु के बिना कभी भी सफल जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती : भूपेश

**पिछले 28 वर्षों से हर साल शिक्षक सम्मान में पहुंच रहे भूपेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से पाटन विधानसभा स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार को धौराभाठा मिडिल स्कूल के सामने किया गया। पिछले 28 सालों से श्री बघेल द्वारा अनवरत इस समारोह में बड़ी तादाद में शिक्षक जुटे।

सभा को संबोधित करते हुए श्री बघेल ने कहा कि संत महात्माओं ने भी गुरु को सर्वोच्च स्थान दिया है। गुरु के मार्गदर्शन बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जीवन मे शिक्षकों का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बीस साल तक कोई शिक्षक की भर्ती नही हुई थी हमारी सरकार में 12 हजार शिक्षकों की भर्ती की गई। यहां ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की गई।

शिक्षा के स्तर में गुणवत्ता लाने स्वामी आत्मानन्द स्कूल प्रारंभ किए गए। श्री बघेल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में दसवीं बारहवीं के मेरिट लिस्ट में आने वाले छात्र छात्राओं को हेलीकाप्टर में भ्रमण करवाते थे जिससे छात्रों में पढ़ाई के प्रति अभिरुचि बढ़ती थी। अब वर्तमान सरकार द्वारा अधिकांश योजनाओं को या तो बन्द कर दिया गया या फिर नाम में परिवर्तन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवानिवृत शिक्षकों के साथ ही सेवारत शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति शिव कुमार पांडे थे। अध्यक्षता शिक्षाविद सैय्यद फाजिल ने की। वहीं विशेष अतिथि सेवा निवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर. जगदल्ले और शिक्षाविद सीताराम वर्मा थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राकेश ठाकुर जिला अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण, आशीष वर्मा, जवाहर वर्मा, अश्वनी साहू महेंद्र वर्मा देवेंद्र चंद्रवंशी, अशोक साहू, उमाकांत चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, दिनेश साहू, खिलेश मारकंडे, विष्णु चंद्राकर, प्रभात वर्मा, पवन पटेल, किरण चंद्राकर, सालिक साहू नीरज सोनी, गोपाल देवांगन, जय प्रकाश चंद्राकर, विवेक चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, संतोषी तिवारी, समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ता पाटन विधानसभा सहित सेवानिवृत और वर्तमान पदस्थ शिक्षक उपस्थित थे।



### शिक्षक हमारे जीवन के पथ-प्रदर्शक : सिन्हा



**अंजोरा।** नगपुरा में शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ मानसी गुलाटी, नविता शर्मा, कल्पना देवांगन, कल्पना देवांगन नगपुरा स्कूल प्रधान पाठक, प्रेम सिन्हा, मणिकांत मंडारे, प्राचार्य हिर्री स्कूल, युवराज सिंह ठाकुर, गिरेश साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं कंप्यूटर सेंटर के विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंजोरा मंडल के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने शिक्षक दिवस पर सभी को शुभकामनायें दी।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

**सेलूद।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा व ग्राम पंचायत सेलुद के सरपंच खिलेश मारंकडे की ओर से ग्राम सेलुद के सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। इन सेवानिवृत्त शिक्षकों को अपने घर बुलाकर शाल श्रीफल व गुलाल लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक अर्जुनसिंह साहू, एन के तिवारी ,अर्जुनसिंह बंछोर, दौवा राम वर्मा और रामजी देवाँगन सहित अन्य उपस्थित थे।



## ठेका मजदूरों को बीस प्रतिशत बोनस भुगतान कराने के लिए बीएसपी प्रबंधन पर बनाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत ठेका मजदूरों को ठेकेदारों से सम्मानजनक बोनस प्रदान करवाने के श्रमिक संगठनों ने प्रबंधन पर दबाव बनाना शुरु कर दिया है।

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन (इंटक) ने

- स्टील ठेका श्रमिक यूनियन ने डायरेक्टर इंचार्ज के नाम जीएम को सौंपा ज्ञापन

आज गुरुवार को बीएसपी के महाप्रबंधक जेएन ठाकुर और विकास चंद्र, ठेका प्रकोष्ठ एवं औद्योगिक संबंध विभाग से मिलकर 20 प्रतिशत बोनस दिलवाने की मांग की। यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने संयंत्र के निदेशक प्रभारी के नाम एक ज्ञापन सौंपकर मांग की कि सभी ठेका श्रमिकों को दुर्गा पूजा से पूर्व 20% बोनस प्रदान किया जाए।बीएसपी के उत्पादन, रखरखाव और लाभार्जन में ठेका श्रमिकों का योगदान उल्लेखनीय रहा है। इंटक के अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि सभी श्रेणियों के मजदूरो के लिए बोनस की दर भुगतान करने की मांग की गई। इसके तहत अकुशल श्रमिकों के लिए 26,832 रुपए, अर्धकुशल श्रमिक 28,352, कुशल श्रमिकों के लिए 30,264 रुपए और अतिकुशल श्रमिक 2,136/- दर की मांग की गई।

### पूरी राशि वास्तविक श्रमिकों तक पहुंचे, रखी मांग

प्रतिनिधि मंडल ने यह भी सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया कि बोनस की संपूर्ण राशि सीधे वास्तविक ठेका श्रमिकों तक पहुँचे। इससे श्रमिकों का मनोबल ऊँचा होगा और उत्पादन वृद्धि में और अधिक उत्साह से योगदान देंगे। जीएम श्री ठाकुर ने आश्वस्त किया कि दुर्गा पूजा से पूर्व बोनस वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। चर्चा के दौर संजय कुमार साहू, सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह सार्वा, आर. दिनेश, गुरुदेव साहू, सुरेश, श्याम कुमार, जी. रामू उपस्थित थे।

## सिद्धि विनायक की महाआरती कर छप्पन भोग चढ़ाया



**ननकट्ठी।** सिकोला भाठा गैलेक्सी जिम के पास उरला रोड दुर्ग में सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति द्वारा महाआरती कर छप्पन भोग चढ़ाकर प्रसाद वितरण किए। सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति सिकोला भाठा दुर्ग में उत्साहित युवाओं ने प्रथम वर्ष के आयोजन में ही काफी चर्चा में है। सातवें दिन महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के हिन्दू युवा मंच, धर्मरक्षक, सांस्कृतिक संगठन सहित वार्ड के सैकड़ों मातृत्व शक्ति,युवा विंग बच्चे शामिल होकर विघ्नहर्ता के दर्शन और आरती कर पुण्य कमाएं। समिति प्रमुख श्रेयांस सिंह राजपूत, क्षीतिज ताम्रकार,श्रेष्ठ भुवाल, प्रियांश जायसवाल,आर्यन सिंग, अक्षित राय, अक्षत, आदित्य,यश,गौरव, मौलिक आयुष उपस्थित थे।

## जंजगिरी प्रधान पाठक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जंजगिरी अण्डा के प्रधान पाठक चन्द्रकात गजेन्द को निलंबित कर दिया गया है। उनके विरूद्ध तीखेश, ग्राम जंजगिरी (अण्डा) ने कई बिंदुओं पर आयुक्त दुर्ग संभाग दुर्ग के समक्ष शिकायत प्रेषित की थी। जिसकी जांच कार्यालय के सहायक संचालक से कराई गई। जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## आयुष स्वास्थ्य मेला में हितग्राहियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**अंडा।** विकास खण्ड गुण्डरदेही के अंतर्गत विकास खण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला प्रथम चरण का आयोजन ग्राम डौकीडीह में किया गया। यहां कुल 383 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं परीक्षण के पश्चात आयुर्वेद एवं होम्योपैथी औषधियों का वितरण किया गया। मेला में रक्त जांच एवं नेत्र जांच की भी विशेष व्यवस्था की गई। जिला आयुष अधिकारी बालोद डॉ. राजेश कुमार झारिया के मार्गदर्शन में मेला के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर थे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत डौकीडीह लक्ष्मी ठाकुर ने की। मेला में डॉ. सत्यप्रकाश , डॉ. बलराम अग्रवाल, डॉ. पवन सिंह नागरे , डॉ. श्वेता मरावी, डॉ. सनथ देवांगन, डॉ. मुक्ति नेताम, डॉ. प्रियंका ठाकुर, फार्मासिस्ट चूरामन साहू, भुवनेश्वर साहू आदि ने सेवाएं दी।

## अंचल में गणेशोत्सव की धूम



**जामगांव आर।** नवयुवक गणेश उत्सव समिति बोरवाय।



**जामगांव आर।** किकिरमेटा कुम्हार पारा में गणेशोत्सव।



**अंडा।** मोरिया गणेश उत्सव समिति स्कूल चौक भानपुरी



**नंदिनी अहिवारा।** फ्रेंड्स गणेश उत्सव समिति वार्ड नंबर 2 अहिवारा।





**उतई।** जोहार गणेश उत्सव समिति भाठापारा पतोरा में स्थापित लंबोदर।



**उतई।** सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति बजरंग चौक पतोरा में स्थापित भगवान गणपति।



**जामगांव आर।** नवयुवक बाल गणेश उत्सव बोरवाय




**अंडा।** चिंगरी बीचपारा



**ननकट्ठी।** साईं नेट कम्प्यूटर जेवरा सिरसा में स्थापित गणपति।



**ननकट्ठी।** बाल गणेश उत्सव समिति बाजार चौक ननकट्ठी।



**ननकट्ठी।** शुक्ला परिवार, ग्राम ननकटठी में वीराजे गणपति।



**पाटन।** शिवशक्ति गणेशोत्सव समिति पाटन।



**पाटन।** मां महामाया मंदिर गणेश उत्सव समिति पाटन।

## 180 यूनिट रक्तदान किया लोगों ने सम्मानित हुए सेवाभावी रक्तवीर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

माय भारत दुर्ग से सम्बद्ध शौर्य युवा संगठन कोड़िया एवं कर्मवीर युवा संगठन कातरो के संयुक्त तत्वावधान में मेगा रक्तदान शिविर एवं शौर्य रक्तवीर सम्मान समारोह का आयोजन 31 अगस्त को गायत्री मंदिर हॉल कोड़िया में किया गया।

शौर्य संगठन अध्यक्ष फलेंद्र पटेल ने बताया यह आयोजन संगठन के सचिव व रूंगटा आर 1 के सहायक प्राध्यापक आदित्य भारद्वाज एवं ग्राम पंचायत कातरो सरपंच जितेन्द्र सोनी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ। शिविर में 180 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में रक्तदाताओं को यातायात सुरक्षा जागरूकता को लेकर हेलमेट, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही रक्तदान के लिए सक्रिय योगदान करने वाले 30 रक्तवीरों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में माय भारत छग के उपनिदेशक नितिन शर्मा, जनपद पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जिला पंचायत दुर्ग सभापति श्रद्धा साहू, पूर्व सभापति योगिता चंद्राकर, दुर्ग तहसीलदार प्रफुल गुप्ता, अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वर खूंटे, सेवक जन फाउंडेशन अध्यक्ष व आशीर्वाद ब्लड बैंक निदेशक विकास जायसवाल, सोनू सूद फाउंडेशन दुर्ग जिला प्रमुख दीक्षा नागदेवे, गुरजीत सिंह, ज़लिश चावड़ा, छाया विधायक कामेश्वर साहू, पत्रकारिता राज्य अलंकरण सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार नवभारत रोमशंकर यादव, सुरेंद्र शर्मा, हरिभूमि लेखराम सोनवानी, श्रमबिन्दु व तरुण छग देवेंद्र पटेल, छग क्रांति सेना जिला अध्यक्ष ऋषि साहू, कोड़िया सरपंच खुमान निषाद, उपसरपंच कुलेश्वर निर्मलकर, गायत्री परिवार हनोदा प्रमुख देवी प्रसाद साहू, समाजसेवी प्रेमचंद सोनबेर, बी आर साहू, करगाडीह सरपंच करन सेन, फत्तेलाल वर्मा, रामचरण भारद्वाज, गजराज सेन, शौर्य संगठन संरक्षक जेपी दीपक आदि शामिल हुए।





## बिजनेस साइट

## दर्द, लाचारी और मायूसी के बीच जमी थी चुप्पी आरोग्यम में टूटी खामोशी



**भिलाई।** कहते हैं उम्मीद कभी नहीं छोड़नी चाहिए, और यह साबित कर दिखाया 73 वर्षीय राजनांदगांव निवासी एक बुजुर्ग ने, जिनकी ज़िंदगी दो साल पहले एक दर्दनाक सड़क हादसे के बाद जैसे थम-सी गई थी। हादसे के बाद इलाज तो हुआ, लेकिन राजनांदगांव के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उनके दोनों पैरों की लंबाई में लगभग 2 इंच का अंतर आ गया। चलना तो दूर, खड़े रहना भी उनके लिए एक असहनीय चुनौती बन गया था। डॉक्टरों ने यहां तक कह दिया था कि अब इस जन्म में पैरों का फर्क ठीक नहीं हो सकता लेकिन किस्मत ने करवट ली, जब किसी परिचित के माध्यम से वे दुर्ग के आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर पहुंचे। यहां ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. अनुराग चंद्राकर ने उनकी स्थिति का गहराई से परीक्षण किया और पाया कि मामला बेहद जटिल है। सर्जरी बेहद चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन डॉ. अनुराग चंद्राकर और उनकी टीम की कुशलता तथा अनुभव ने चमत्कार कर दिखाया। लॉन्ग स्टेम रिवीजन हिप रिप्लेसमेंट के माध्यम से न केवल मरीज के दोनों पैरों की लंबाई समान की गई, बल्कि आज वे बिना सहारे के चलने लगे हैं।

### सदस्ता अभियान और योजनाओं की दी जानकारी

**भिलाई।** एससी, एसटी एम्प्लाइज एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने महाप्रबंधक जे एन ठाकुर से मुलाकात कर एसोसिएशन के बारे में चर्चा की।

भिलाई इस्पात संयंत्र एससी,एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन पं क्र-6976 के अध्यक्ष और सेल एससी-एसटी फेडरेशन के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद ने महाप्रबंधक को एसोसिएशन के गतिविधियों, चलाए जा रहे सदस्ता अभियान और अन्य कल्याणकारी योजनाओं, विभागीय समितियों के गठन, कर्मचारी एवं अधिकारी वर्ग से प्राप्त सुझावों को अमल में लाते हुए एसोसिएशन की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. आम्बेडकर पुस्तकालय व संग्रहालय के निर्माण के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है।

**खबर संक्षेप**

### महिलाएं हुईं चेन स्नेचिंग का शिकार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** मार्केट से घर जा रही दो महिलाएं चेन स्नेचिंग की शिकार हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक मोहन नगर थाना एरिया में अज्ञात बाइक सवार अचानक पहुंचे। गुलाटी अस्पताल के पास से घर जा रही महिलाओं को धक्का देकर चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया। मोहन नगर पुलिस को सूचना मिलने के बाद भिलाई दुर्ग में चारों ओर नाकाबंदी की है। लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### हड़ताल को दिया समर्थन

**भिलाई।** नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन ने एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल व सभी मुद्दों का समर्थन करते हुए मांगों को जल्द पूर्ण करने की मांग की है।

### श्रद्धालु अयोध्या रवाना

**भिलाई।** केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजना श्री रामलला दर्शन योजना की शुरू की गई है। जिसके तहत विभिन्न स्थानों से सभी प्रदेशो से सीधे अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। जिसके तहत 50 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या धाम में श्री रामलला दर्शन के लिए रवाना करवाए जा रहे है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं समाज कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी शरद दुबे के नेतृत्व में नगर निगम भिलाई से 7 दर्शनार्थी नरेन्द्र कुमार शुक्ला, सरिता शुक्ला, शशि बाई राजपूत, नारद शर्मा, गीता शर्मा, रामखिलावन वर्मा एवं शिलेन्द्र कुमार निर्मल को मुख्य कार्यालय परिसर से दुर्ग स्टेशन के लिए रवाना किया गया। इन सभी श्रद्धालुओं को सरकार द्वारा निःशुल्क ठहरने के लिए स्थान, खाना-पानी एवं विशेष सुरक्षा प्रदान की जाती है।

### बिजली करंट की चपेट में आया ठेका श्रमिक

**भिलाई।** बिजली कंपनी के लापरवाही के चलते डेढ माह पूर्व काम पर लगा ठेका श्रमिक करंट के चपेट में आने से गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना धमधा क्षेत्र के ग्राम पगबंधी का है। मिली जानकारी के मुताबिक धमधा स्थित ग्राम पगबंधी ठेलका सब स्टेशन से जुड़े लाइनमैन संतोष तिवारी ने महज डेढ़ माह पूर्व नौकरी में आए अनुभवहीन कर्मी राम वर्मा 32 वर्ष को 11 हजार वोल्ट के ट्रांसफॉर्मर पर काम करने चढ़ा दिया। बिना बिजली बंद कराए, सेफ्टी प्रोटोकॉल अपनाए ट्रांसफॉर्मर का डियो और फ्यूज काटकर ट्रांसफॉर्मर निकालने की जिम्मेदारी राम वर्मा को दी गई। तभी करंट का जोरदार झटका लगा गंभीर हो गया। घायल राम वर्मा का उपचरा भिलाई के निजी अस्पताल में जारी है। परिजनों के मुताबिक राम वर्मा की रीढ़ की हड्डी पूरी तरह टूट चुकी है। फेफड़े भी गंभीर चोट है। फिलहाल दोनों पैर काम नहीं कर रहे। इसकी जानकारी परिजनों को डॉ. ने दी है। घायल राम वर्मा की पारिवारिक स्थिति कमजोर है। घायल की पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। बड़ा बेटा केवल 5 साल और छोटा बच्चा 3 साल का है। परिजनों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही से उनका परिवार उजड़ गया। परिजनों की मांग है कि दोषी लाइनमैन और अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो। परिजनों को उचित मुआवजा और स्थायी नौकरी देने की मांग की गई है।

# ओए चुनावः हैट्रिक मारने वाले बंछोर की अध्यक्ष के लिए चौथी बार दावेदारी

## कोषाध्यक्ष के लिए देवेंदर पाल ने जमा किया परचा, महासचिव के लिए भी तीन नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के चुनाव में तीन बार के अध्यक्ष रहे नरेंद्र कुमार बंछोर ने फिर से एक दफा इस पद के लिए दावेदारी की है। उन्होंने आज अध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म लिया है। वहीं महासचिव के लिए भी तीन परचे दाखिल किए गए हैं। इसके साथ ही चुनाव को लेकर प्लांट व टाउनशिप के सदस्यों में उत्साह बढ़ गया है।

ओए चुनाव के लिए आज बीटीआई के एचआर कक्ष 13 के चुनाव कार्यालय में सदस्यों में नामांकन लेने और जमा करने के लिए गहमागहमी रही। सबसे खास बात अध्यक्ष पद को लेकर इस पद की हैट्रिक मारने वाले डीजीएम व सेफी चेयरमेन एनके बंछोर के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म लेने की रही। सदस्यों में इस बात को लेकर शुरु से कयास लगाए जा रहे थे और उत्सुकता भी थी कि क्या वे चौथी बार



अध्यक्ष का चुनाव लड़ेंगे। उनके फार्म लेने के साथ ही अब तस्वीर साफ हो गई है। अब सदस्यों में इस बात कि दिलचस्पी है कि क्या वे इस बार भी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होंगे या फिर कोई उनका प्रतिद्वंद्वी भी चुनाव मैदान में उतरेगा। अध्यक्ष के अलावा आज महासचिव के लिए तीन सदस्यों ने फार्म जमा किए। डीजीएम सुधीर बालचंदजी रामटेके, विजय कुमार सैनी और पूर्व कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने परच दाखिल किया। वहीं कोषाध्यक्ष के लिए देवेंदर पाल सिंह बरार डिप्टी मैनेजर आईईडी ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं सीनिर मैनेजर यूआरएम ने सौभाग्य रंजन साहू ने परचा लिया है। अब तक जेडआर के लिए 59 लोगों ने नामांकन लिए हैं जिनमें 36 दावेदार जमा कर चुके हैं। कल छह सितंबर का नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख है।

## 20 को दिल्ली एनजेसीएस बैठक में यूनियनें 40 हजार बोनस के लिए बनाएंगी दबाव

# बीएसपी उत्पादन के बना रहा नित नए कीर्तिमान कर्मचारियों को इस साल चाहिए रिकार्ड बोनस

*भिलाई इस्पात संयंत्र के हजारों कर्मचारियों को इस साल उत्पादन के बन रहे नित नए कीर्तिमान को देखते हुए रिकार्ड बोनस की उम्मीद है। इसके लिए कर्मियों ने यूनियनों और श्रमिक संगठनों ने सेल प्रबंधन पर दबाव बनाना शुरु कर दिया है। बोनस की बहुप्रतीक्षित बैठक के सर्कुलर जारी होने के बाद पिछली बार से सबक लेते हुए यहां यूनियनों ने रणनीतिक तैयारी शुरु कर दी है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इस साल दुर्गापूजा के पूर्व सेल कर्मियों को सालाना बोनस पर चर्चा करने के लिए सेल प्रबंधन ने आज शुक्रवार को परिपत्र जारी कर दिया है। बोनस तय करने के लिए 20 सितंबर को दिल्ली में एनजेसीएस बैठक बुलाई गई है। बैठक में एनजेसीएस इंटक,एटक, एचएमएस, बीएमएस व सीटू सभी एनजेसीएस सदस्यों को बुलाया गया है।

सुर्कलर जारी होते ही यहां कर्मियों ने इन यूनियनों के पदाधिकारियों से अपेक्षित बोनस दिलवाने के लिए बैठक में शामिल होने वाले एनजेसीएस सदस्यों तक मैसेज पहुंचाने की मांग की है। यूनियनों ने भी सम्मानजनक बोनस दिलवाने के लिए बोनस फार्मूला बदलवाने केंद्रीय यूनियनों के पदाधिकारियों के पुरजोर दबाव बनाने का भरोसा दिलाया है। कर्मचारियों ने कहा कि सेल की सबसे बड़ी यूनिट बीएसपी में सभी मिलों में रिकार्ड उत्पादन हो रहा है। अन्य यूनिटें भी बेहतर उत्पादन व कामकाज कर रही हैं और सेल कंपनी को भी बेहत प्रतिसाद मिल रहा है। इसे देखते हुए 40 हजार से अधिक बोनस मिलना चाहिए।

**अलग खबर**

### यूनियनें ने जगाई उम्मीद

यहां यूनियनों के प्रतिनिधियों ने कर्मियों को भरोसा दिलाया है कि सम्मानजनक बोनस के लिए हमारे एनजेसीएस पिछली बार की तरह पुरजोर दबाव बनाएंगे। इंटक के महासचिव व एनजेसीएस सदस्य वीबी सिंह ने बताया कि बोनस को लेकर पांचों यूनियनें पूरी एकजुटता से बीस सितंबर को दिल्ली की बोनस बैठक में पुराना बोनस फार्मूला बदलने के लिए दबाव बनाएंगे। हम बेहतर फार्मूला बनाने की मांग शुरु से कर रहे हैं। वर्तमान फार्मूला नुकसानदेह है। एटक के महासचिव वीके सोनी ने बताया कि कर्मियों को उनका वाजिब हक मिलना चाहिए। 40 हजार से कम बोनस हमें नहीं चाहिए।



### पिछले साल 26,500 ही सीधे खाते में डाले

केंद्रीय यूनियनें इस बार अधिकाधिक बोनस के लिए दबाव बनाने की रणनीतिक तैयारी कर रही हैं। यूनियनों के मुताबिक 40 हजार से अधिक बोनस की मांग बैठक में की जाएगी। इसके लिए पुराना बोनस फार्मूला बदलने पर भरसक जोर दिया जाएगा। गौरतलब हो कि पिछले साल भी यूनियनों द्वारा 40 हजार बोनस की मांग दिल्ली में एनजेसीएस की बोनस बैठक में की गई थी लेकिन प्रबंधन के अड़ियल रख के चलते बैठक बेनतीजा समाप्त हो गई थी। दूसरे दिन बोनस फार्मूला का हवाला देते हुए प्रबंधन ने सीधे कर्मचारियों के खाते में 26 हजार 500 रुपए डाल दिए थे। इससे कर्मियों में भारी असंतोष था और यूनियनों ने आगे बोनस फार्मूला हानिकारक बताते हुए आगे बदलने की मांग की थी।

# डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने के लिए निविदा का लिया प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लक्ष्मीपति राजू अध्यक्ष, खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में नगर पालिक निगम भिलाई सेवा अन्तर्गत आने वाले वार्डो की 52 1/2 वार्डो में साफ-सफाई कार्य हेतु स्कोप आफ वर्क के अन्तर्गत नाली, सड़क, बाजार, आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य तथा अन्य कार्य हेतु निविदा आमंत्रित करने प्रस्ताव महापौर परिषद / सामान्य सभा के माध्यम से राज्य शासन को भेजे जाने एवं वार्डों में आवश्यकतानुसार टूटे फूटे नालियों की संधारण और खुले नालियों को स्लेब से ढकने एवं नाली निर्माण कराने की प्रस्ताव तैयार कर जोन स्तर पर जोन आयुक्त को प्रस्ताव प्रस्तुत करने तथा भिलाई क्षेत्रान्तर्गत आने वाले वार्डों में गंदगी फैलाने वाले व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं नागरिकों को अर्थदण्ड से दंण्डित करने की कार्यवाही किये जाने के संबंध में सर्व सम्मति से अनुशंसा की गई। सलाहकार समिति की बैठक में अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू, सदस्य कोमल दास टंडन, सरीता देवी, एम. लक्ष्मी गोपाल, के. जगदीश, पी. के श्याम सुदर, राव, ईश्वरी नेताम, डी. सुजाता एवं अभिषेक मिश्रा स्वच्छता समिति के सदस्य एवं जावेद अली, सचिव खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सचिव/स्वास्थ्य अधिकारी,

- लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति ने बैठक में की अनुशंसा

# बार एंड रॉड मिल में शटडाउन हफ्तेभर चलेगा रिपेयर कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एंड रॉड मिल (बीआरएम) में मिल का रोलिंग प्रोफाइल 16 एमएम से 10 एमएम किए जाने के लिए चेंज ओवर लिया गया है। चेंजओवर के दौरान फर्नेस का हॉट एयर रेक्युपरेटर पंक्चर पाया गया। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए फर्नेस को शटडाउन में किया गया है। चेंजओवर के दौरान उपकरणों की सम्पूर्ण जांच भी की जाती है और इसी जाँच के दौरान फर्नेस का हॉट एयर रेक्युपरेटर पंक्चर पाया गया। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फ मरम्मत की रूपरेखा बनाई गयी है। बीआरएम का कैपिटल रिपेयर इसी महीने 20 तारीख सितंबर को नियोजित था, जिसमें ट्विन चैनल का मेजर ओवरहालिंग, पाइप लाइन्स सम्बंधित कार्य, फर्नेस की मुख्य गैस पाइप लाइन के प्रतिस्थापन का कार्य किया जाना था। हॉट एयर रेक्युपरेटर की मरम्मत के साथ कैपिटल रिपेयर का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। सात दिन के इस कैपिटल रिपेयर में रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट, सेंट्रल मैकेनिकल मेंटेनेंस, सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट, एनर्जी मैनेजमेंट डिपार्टमेंट, एडीडी, इंस्ट्रूमेंटेशन, हैवी मेंटेनेंस इलेक्ट्रिकल, शॉप्स, आदि बीएसपी के कई मुख्य विभाग सम्मिलित होकर कार्य करेंगे।

# रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने बीस हजार टन लॉन्ग रेल का किया उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र ने रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) ने अगस्त में 20 हजार टन से अधिक उच्च गुणवत्ता वाली लॉन्ग रेल का रिकार्ड उत्पादन किया है।

- अगस्त माह मे सर्वश्रेष्ठ उत्पादन का कीर्तिमान

साथ ही मिल ने भारतीय रेलवे को एक ही माह में 20 यूरो रेक प्रेषित कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। अगस्त माह में रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने न केवल अब तक का सर्वाधिक वेल्डेड पैनल उत्पादन दर्ज किया, बल्कि लॉन्ग रेल के क्षेत्र में भी सर्वोत्तम स्तर प्राप्त किया है।



लॉन्ग रेल पटरियों का उत्पादन देशभर में सुरक्षित, विश्वसनीय एवं उच्च गति वाली रेलगाड़ियों के संचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 20,000 टन से अधिक उत्पादन और 20 यूरो रेक प्रेषण के साथ बीएसपी ने रेलवे के आधुनिकीकरण अभियान को नई गति दी है व उच्च गति वाले रेल कॉरिडोर्स और मज़बूत फ्रेट नेटवर्क के निर्माण में योगदान देती है। सीजीएम तीर्थंकर दस्तीदार सहित जीएम प्रशांत खोंड, विनय कुमार,प्रशांत लाखे व नितिन खरे आदि का योगदान रहा।

# हुडको में निर्माणाधीन मंगल भवन एवं सीवरेज लाइन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा जोन 5 अंतर्गत हुडको में निर्माणाधीन मंगल भवन एवं सीवरेज लाइन सहित उद्यानों का निरीक्षण किया गया है । निगम आयुक्त हुडको में निर्माणाधीन मंगल भवन का बारीकी से अवलोकन किए। भवन का कार्य अविलंब पूर्ण करने हेतु एजेंसी को निर्देशित किया गया है । जिससे आगामी समय में शादी एवं अन्य समारोह का आयोजन हेतु उपयोग किया जा सके । इस क्षेत्र में मंगल भवन के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को शादी समारोह एवं अन्य आयोजन हेतु विशेष सुविधा हो जाएगी । इस मंगल भवन में 22 रूम सहित बड़े हॉल का निर्माण किया गया है । मंगल भवन के सुरक्षित कैंपस में लॉन एवं पार्किंग की व्यवस्था होगी। निगम आयुक्त हुडको में चल रहे सीवरेज लाइन कार्य का अवलोकन किये । कार्य की गुणवत्ता और समयावधि को विशेष रूप से ध्यान देने हेतु निर्देशित किये हैं।

### सुभाष उद्यान में घास कटिंग की हिदायत

आयुक्त ने सुभाष उद्यान का औचक निरीक्षण किया गया, ग्रास कटिंग हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये हैं । वूमेन फॉर ट्री योजना अंतर्गत लगाए जाने वाले पौधों के रोपण के लिए उपस्थित स्व सहायता समूह के महिलाओं को विधिवत लगाने संबंधी निर्देश किए हैं । वूमेन फॉर ट्री योजना से सेक्टर 10 में 300 रोपित पौधों का अवलोकन कर संरक्षण हेतु स्वसहायता समूह के महिलाओं को दिशा निर्देश किये।आयुक्त हुडको में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा पूर्व निर्मित पानी टंकी का औचक निरीक्षण किया। यहां उपस्थित पंप ऑपरेटर से आवश्यक जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, उप अभियंता दीपक देवांगन, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

### अभा एससी एसटी व ओबीसी मोर्चा के अधिवेशन में भिलाई से मेश्राम सहित पदाधिकारी हुए शामिल

**भिलाई।** अभा एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक संयुक्त मोर्चा का संविधान पर्व के अंतर्गत दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली के डा.आम्बेडकर भवन और गढ़वाल भवन में हुआ। छग सहित 12 राज्यो मे सितंबर से दिसम्बर माह तक राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.ओम सुधा ने कहा कि ग्राम स्तर, ब्लाक स्तर और तहसील स्तर पर इकाई गठित कर सम्मेलन करें। राष्ट्रीय सचिव अनिल मेश्राम ने छत्तीसगढ़ में एससी, एसटी व ओबीसी कोएकजुट कर नई दिशा देने का भरोसा दिलाया। अधिवेशन मे छत्तीसगढ़ से भिलाई के श्री मेश्राम सहित कौशल वर्मा प्रदेश अध्यक्ष, अजय साहू यूथ विंग अध्यक्ष, अरूण बघेल, मोहन हरमुख, नारायण गंगबेर आदि शामिल हुए।



### सेल और आर्ट ऑफ लिविंग ने कार्यबल के समग्र सशक्तिकरण के लिए समझौता पर हस्ताक्षर किए

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (सेल) और आर्ट ऑफ़ लिविंग ने सेल कार्मिकों के बीच होलिस्टिक वेल बेइंग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौता ज्ञापन को सेल के निदेशक के.के. सिंह की उपस्थिति में, सेल – प्रबंध प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) के कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संजय धर और आर्ट ऑफ़ लिविंग के व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया (वीवीकेआई) के अध्यक्ष श्री ब्र. प्रज्ञाचैतन्य ने बेंगलुरु के आर्ट ऑफ़ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में हस्ताक्षर किए। इसके तहत, सेल के कार्मिक आर्ट ऑफ़ लिविंग द्वारा तैयार किए गए संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जो भावनात्मक लचीलापन, सचेतनता, नेतृत्व और व्यक्तिगत सशक्तिकरण पर केंद्रित होंगे।




**पाठक सूचना**

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**

## ऑपरेशन सुरक्षा को लेकर यातायात जागरुकता कार्यक्रम

# सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का लोगों को पालन करना बेहद जरूरीः एएसपी ऋचा मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ट्रैफिक पुलिस ने शंकरा विद्यालय, हुडको, जिला दुर्ग में रोटरी क्लब भिलाई के सहयोग से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) दुर्ग ऋचा मिश्रा शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों को यातायात नियमों के अनुपालन के लिए विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। एएसपी ट्रैफिक मिश्रा ने



हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों, ट्रिपल सीट वाहन संचालन की मनाही और अन्य यातायात नियमों की व्यावहारिक उपयोगिता पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक का दायित्व है, जो न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा बल्कि सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सुरक्षा के तहत दुर्ग यातायात पुलिस जन-जागरूकता, शिक्षा तथा प्रवर्तन संबंधी गतिविधियां लगातार संचालित की जा रही हैं। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के ठोस परिणाम सामने आ रहे हैं।

### यातायात पुलिस ने की अपील

इस दौरान यातायात पुलिस ने आम नागरिकों विशेषकर अभिभावकों और विद्यार्थियों से अपील किया कि सड़क पर चलते समय सदैव यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का नियमित प्रयोग करें तथा जिम्मेदार यातायात नागरिक बनकर ऑपरेशन सुरक्षा को सफल बनाने में सहभागिता निभाएं।

